विगत तीन वर्षों के मध्य पुर्नजीवित किये गये समूहों का वर्षवार एवं विकासखण्ड विवरण					
क्र0स0	विकासखण्ड/वर्ष	2017-18	2017-19	2017-20	विगत तीन वर्षों का योग
1	धारी	0	0	0	0
2	रामगढ	0	0	0	0
3	ओखलकांडा	0	0	0	0
4	भीमताल	0	1	2	3
5	रामनगर	2	4	0	6
6	बेतालघाट	0	1	6	7
7	हल्द्वानी	0	14	10	24
8	कोटाबाग	20	10	1	31
योग		**22**	**30**	**19**	**71**

PMGSY :– विभाग द्वारा विगत तीन वर्षों के मध्य विकासखण्ड कोटाबाग एवं धारी में कुल रूपये 899.25 लाख की धनराशि का परिव्यय करते हुए 45.20 किमी लक्ष्य के सापेक्ष 18.58 किमी सड़क का निर्माण करवाया गया जबकि 05 किमी सड़क निर्माण का कार्य अभी गतिमान है किन्तु 21.62 किमी सड़क मार्ग अभी वन भूमि के कारण अनारम्भ है। विभाग को सड़क निर्माण में स्थानीय समूहों और व्यक्तियों को रोजगार दिये जाने हेतु निविदाओं में प्राविधान करना चाहिए।

वर्ष 2017–18 से वर्ष 2019–20 के मध्य PMGSY सिंचाई खण्ड हल्द्वानी द्वारा निर्मित सड़क मार्गों का विकासखण्डवार विवरण						
विकासखण्ड	सड़क संख्या	सड़क की स्वीकृत लम्बाई	सड़क हेतु स्वीकृत धनराशि	निर्मित सड़क संख्या	निर्मित सड़क की लम्बाई	कुल व्यय धनराशि
कोटाबाग	4	26.20	1588.46	2	14.08	671.08
धारी	3	19.00	1039.38	2	4.50	228.17
योग	**7**	**45.20**	**2627.84**	**4**	**18.58**	**899.25**

प्रधानमंत्री आवास योजना :– जनपद के सभी विकासखण्डों में विगत चार वर्षों के दौरान कुल 622 गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित किया गया, जहाँ एक ओर विकासखण्ड बेतालघाट द्वारा मात्र 03 परिवारों को लाभान्वित किया गया जबकि विकासखण्ड में 75 ग्राम पंचायतें शामिल है, वहीं दूसरी ओर 53 ग्राम पंचायतों वाले रामगनर विकासखण्ड द्वारा सबसे अधिक 245 परिवारों को उक्त आवास योजना से लाभ दिया गया, जो कि पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन की पुष्टि करता है। विभाग को प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु पुनः सर्वेक्षण का कार्य करवाना चाहिए, क्योंकि कोरोना महामारी के कारण कई परिवार पर्वतीय क्षेत्रों में लौट आये हैं। आंकड़ों को विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में दर्शाया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित लाभार्थियों का विकासखण्डवार एवं वर्षवार विवरण											
		लाभार्थियों की संख्या					व्यय धनराशि (लाख में)				
क0सं0	विकासखण्ड का नाम	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	कुल लाभार्थी	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	कुल व्यय
1	बेतालघाट	1	2	0	0	3	1.30	2.60	0.00	0.00	3.90
2	रामगढ़	3	3	4	0	10	2.80	3.90	5.20	0.00	11.90
3	हल्द्वानी	5	16	5	0	26	5.95	20.80	6.50	0.00	33.25
4	भीमताल	6	21	17	0	44	7.80	27.30	22.10	0.00	57.20
5	धारी	15	16	14	0	45	19.50	20.80	18.20	0.00	58.50
6	ओखलकांडा	15	68	37	0	120	19.50	88.40	48.10	0.00	156.00
7	कोटाबाग	27	80	22	0	129	35.10	103.45	28.60	0.00	167.15
8	रामनगर	67	108	31	39	245	84.35	140.40	40.30	50.70	315.75
योग		139	314	130	39	622	176.30	407.65	169.00	50.70	803.65



स्वजल परियोजना

जनपद नैनीताल में स्वजल परियोजना के अन्तर्गत विगत चार वर्षों के मध्य रूपये 1179 लाख की धनराशि का परिव्यय करते हुए 363 ग्राम पंचायतों को आच्छाादित करते हुए 1284 कार्यों का निर्माण करवाया गया जिसमें 1111 व्यक्तिगत शौचालयों के निमार्ण के साथ–साथ स्वजल परियोजना के तहत 157 ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, 09 स्रोत संरक्षण एवं संबर्द्धन तथा 07 सामुदायिक स्वच्छता काम्पलेक्स का निर्माण कार्य शामिल हैं जिनका विकासखण्डवार विवरण निम्नवत तालिका में दर्शाया गया है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत डी0पी0एम0यू0 भीमताल द्वारा विगत चार वर्षों के दौरान सम्पादित कार्यों का विवरण

वर्ष	विकासखण्ड	ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन	स्रोत संरक्षण एवं संवर्धन	सामुदायिक स्वच्छता काम्पलेक्स	व्यक्तिगत शौचालय	लाभान्वित ग्राम पंचायत	कुल व्यय धनराशि (लाख में)	कार्य की स्थिति	
								पूर्ण	अपूर्ण
विगत चार वर्षों के दौरान स्वजल नैनीताल द्वारा किये गये कार्य	रामनगर	23	0	2	195	53	283.2	219	1
	कोटाबाग	18	0	0	101	37	131.0	106	13
	रामगढ़	27	0	1	158	63	166.9	173	13
	भीमताल	12	0	0	199	48	130.1	211	0
	बेतालघाट	23	0	0	132	54	68.26	136	19
	धारी	21	3	2	105	43	168.5	119	12
	ओखलकाण्ड़ा	15	6	2	103	34	120.9	115	11
	हल्द्वानी	18	0	0	118	31	109.7	121	15
योग		**157**	**9**	**7**	**1111**	**363**	**1179.0**	**1200**	**84**

स्वजल से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार स्रोत संरक्षण एवं संबर्द्धन का कार्य विकासखण्ड धारी एवं ओखलकाण्ड़ा के अलावा अन्य विकासखण्डों में नहीं किया जा रहा है, जबकि इस कार्य की मांग ग्रामीण स्तर/ हर स्तर पर रखी जाती है।

आंकड़ों को देखें तो ज्ञात होता है कि सामुदायिक स्वच्छता कॉम्पलेक्स के कार्य से विकासखण्ड रामनगर, रामगढ़, धारी एवं ओखलकाण्ड़ा के अलावा अन्य विकासखण्ड़ों को वंचित रखा गया है।

जनपद के भीमताल विकासखण्ड के अलावा अन्य सभी विकासखण्डों में वर्ष 2017–18 एवं वर्ष 2018–19 के कुल 84 कार्य अभी भी निर्माणाधीन हैं जो स्वजल परियोजना नैनीताल द्वारा किये जा रहे अनुश्रवण अथवा कार्यप्रणाली पर चिन्ता का विषय उभर कर लाता है।

ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, स्रोत संरक्षण एवं संबर्द्धन तथा सामुदायिक स्वच्छता कॉम्पलेक्स जैसे कार्यों हेतु स्वजल नैनीताल को सघन सर्वेक्षण कर आगामी कार्ययोजना तैयार करने की अति आवश्यकता है।

ग्रामोद्योग बोर्ड नैनीताल

जनपद नैनीताल के अन्तर्गत ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विगत चार वर्षों में कुल 103 लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों को स्थापित करवाया गया जिसमें सबसे अधिक 64 लघु एवं सूक्ष्म उद्यम विकासखण्ड हल्द्वानी में स्थापित करते हुए 414 युवा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया। वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य उद्यमों की संख्या एवं उपलब्ध करवाये गये रोजगार में लगातार वृद्धि होना इस ओर संकेत करता है कि जनपद के युवा बेरोजगारों की रूचि लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों को स्थापित कर स्वरोजगार में बढ़ी है। आंकड़ों को निम्नवत तालिकाओं एवं ग्राफों में दर्शाया गया हैं।

विगत चार वर्षों के मध्य स्थापित लघु एवं सूक्ष्म उद्यम की विकासखण्डवार संख्या

विकासखण्ड/वर्ष	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	योग
बेतालघाट	2	2	2	2	8
धारी	0	0	2	0	2
कोटाबाग	3	2	0	3	8
रामनगर	1	2	2	1	6
रामगढ	0	0	0	4	4
ओखलकाण्डा	0	0	1	0	1
हल्द्वानी	5	13	16	30	64
भीमताल	6	1	1	2	10
योग	**17**	**20**	**24**	**42**	**103**



विगत चार वर्षों के मध्य लघु एवं सूक्ष्म उद्यम को स्थापित करवाने हेतु वित्त वोषित धनराशि का विकासखण्डवार विवरण (धनराशि लाख में)					
विकासखण्ड/वर्ष	**2016–17**	**2017–18**	**2018–19**	**2019–20**	**योग**
बेतालघाट	10.00	15.71	11.21	47.00	83.92
धारी	0	0	8.50	10.00	18.50
कोटाबाग	22.68	13.45	0	82.66	118.79
रामनगर	8	9.92	25.09	48.00	91.01
रामगढ	0	0	0	16.24	16.24
ओखलकाण्डा	0	0	3.33	0	3.33
हल्द्वानी	65.31	98.17	126.08	268.07	557.63
भीमताल	37.49	10.00	3.00	19.92	70.41
योग	**143.48**	**147.25**	**177.21**	**491.89**	**959.83**

विगत चार वर्षों के दौरान लघु एवं सूक्ष्म उद्यम को स्थापित करने हेतु विभाग द्वारा उपलब्ध करवायी गयी अनुदान की धनराशि का विकासखण्डवार विवरण (धनराशि लाख में)					
विकासखण्ड/वर्ष	**2016–17**	**2017–18**	**2018–19**	**2019–20**	**योग**
बेतालघाट	3.50	5.50	3.93	3.15	16.08
धारी	0	0	2.98	0	2.98
कोटाबाग	7.94	4.71	0	4.80	17.45
रामनगर	2	2.73	6.27	0.83	11.83
रामगढ	0	0	0	4.31	4.31
ओखलकाण्डा	0	0	1.16	0	1.16

हल्द्वानी	13.12	30.84	39.95	66.28	150.19
भीमताल	16.33	3.50	1.05	3.41	24.29
योग	**42.89**	**47.28**	**55.34**	**82.78**	**228.29**

विगत चार वर्षों के मध्य लघु एवं सूक्ष्म उद्यम के माध्यम से उपलब्ध करवाया गया रोजगार का वर्षवार एवं विकासखण्डवार विवरण					
विकासखण्ड/वर्ष	**2016–17**	**2017–18**	**2018–19**	**2019–20**	**योग**
बेतालघाट	8	10	7	10	35
धारी	0	0	5	0	5
कोटाबाग	15	7	0	14	36
रामनगर	6	6	17	2	31
रामगढ	0	0	0	22	22
ओखलकाण्डा	0	0	2	0	2
हल्द्वानी	50	80	95	189	414
भीमताल	38	7	1	8	54
योग	**117**	**110**	**127**	**245**	**599**



जनपद के अन्तर्गत हल्द्वानी विकासखण्ड के अलावा अन्य विकासखण्डों में भी लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों को और बढ़ाया जा सकता है जिसके लिए बोर्ड को सभी विकासखण्ड़ों में ग्रामीण क्षेत्रों की निर्भरता/मांग के अनुसार उद्यमों को स्थापित किये जाने की कार्ययोजना तैयार करने की आवश्यकता है।

उद्योग विभाग

1. लघु/लघुत्तर उद्योगों की स्थापना :–

उद्योग विभाग की लघु तथा लघुउत्तर उद्योगों की स्थापना एवं बीस सूत्रीय योजनान्तर्गत विगत चार वर्षों के दौरान 1009 के शासकीय लक्ष्य के सापेक्ष 1011 स्थापित करवाने में कुल रूपये 352.03 करोड़ का परिव्यय करते हुए जनपद के 5865 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया। आंकडों के अध्ययन से यह भी ज्ञात होता है कि पिछले वर्षों की अपेक्षा कम निवेश में ज्यादा इकाईयाँ स्थापित करवाई गयी किन्तु रोजगार दिये जाने के आंकड़ों में गिरावट देखी जा सकती है अर्थात बेरोजगारों में स्वयं के रोजगार स्थापित करने की रूचि बढ़ी है। आंकड़ों को निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में दर्शाया गया है।

लघु तथा लघुउत्तर उद्योगों की स्थापना एवं बीस सूत्रीय योजनान्तर्गत उद्योग आधार का विवरण				
वर्ष	लक्ष्य	पूर्ति	कुल निवेश (धनराशि करोड़ में)	रोजगार प्राप्त व्यक्तियों की संख्या
2016-17	225	261	152.00	2044
2017-18	235	197	69.07	1394
2018-19	260	263	54.79	1156
2019-20	289	290	76.17	1271
योग	**1009**	**1011**	**352.03**	**5865**



2. **उद्यमिता विकास कार्यक्रम** :–उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत उद्योग विभाग द्वारा विगत चार वर्षों के मध्य कुल 138 कार्यक्रमों को आयोजित करवाया गया जिसमें तीन दिवसीय कार्यक्रमों की अपेक्षा दो दिवसीय कार्यक्रमों का योगदान 52%रहा अर्थात ग्रामीण युवक युवतियों का शॉर्टटर्म प्रशिक्षण कार्यक्रमों में रूचि देखी जा सकती है।

आंकड़ों के अध्ययन से यह भी स्पष्ट होता है कि जनपद में जहाँ एक ओर प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या में विचलन हुआ वहीं दूसरी ओर प्रतिभागियों की संख्या में भी विचलन देखने को मिला। उद्यमिता

विकास कार्यक्रम को ग्रामीण क्षेत्रों के अनुसार तैयार कर संचालित करने की आवश्यकता है। आंकड़ों को निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किये गये है।

उद्यमिता विकास कार्यक्रम का पिछले चार सालों का विवरण				
वर्ष	दो दिवसीय	तीन दिवसीय	कुल	प्रतिभागी
2016-17	20	7	27	778
2017-18	8	6	14	400
2018-19	26	28	54	700
2019-20	18	25	43	625
योग	**72**	**66**	**138**	**2503**





3. **प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रमः**—प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का मूल उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार के नये—नये आयाम उपलब्ध कराना है, जिसके लिए उद्योग विभाग नैनीताल द्वारा विगत चार वर्षों के दौरान 358 इकाई को स्थापित करवाने के लिए बैंक के माध्यम से रूपये 1322.37 लाख का वित्तपोषण करवाया गया, जिसमें विभाग द्वारा रूपये 595.59 लाख की धनराशि मार्जिन मनी के रूप में वितरित की गई। उल्लिखित योजना से इन चार वर्षों के मध्य कुल 1095 व्यक्तियों को रोजगार भी उपलब्ध भी करवाया गया।

आंकड़ों के अध्ययन से यह भी स्पष्ट होता है विभाग द्वारा लक्ष्य से भी अधिक भौतिक एवं वित्तीय पूर्ति प्राप्त की गयी है, परन्तु वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य विभाग द्वारा जिस वित्तीय वर्ष में अधिक उद्यम लगवाये जाते हैं, उसी वित्तीय वर्ष में रोजगार उपलब्धता में गिरावट देखने को मिलती है। अर्थात विभाग द्वारा उद्यम स्थापित करवाते समय की जा रही कार्यवाही में रोजगार उपलब्धता की ओर ध्यान केन्द्रित नहीं किया जाता। विभाग को इस ओर ध्यान केन्द्रित करते हुए आगामी कार्ययोजना तैयार करने की अति आवश्यकता है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किये गये हैं।

विगत चार वर्षों के मध्य प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना का विवरण							
लक्ष्य				पूर्ति			
वर्ष	भौतिक	वित्तीय	रोजगार	इकाई संख्या	धनराषि (लाख में)	मार्जिन मनी (लाख में)	रोजगार
2016–17	35	70.06	275	47	165.25	90.56	300
2017–18	73	143.55	200	102	207.55	184.40	400
2018–19	38	90.02	288	122	473.00	221.02	431
2019–20	40	122.70	328	127	476.57	206.93	360
योग	**186**	**426.33**	**1091**	**398**	**1322.37**	**702.91**	**1491**



उपरोक्त उल्लिखित उद्योग विभाग की योजनाओं के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि जनपद के अन्तर्गत बेरोजगारों के द्वारा अपने आप को स्वावलम्बन बनाने की रूचि में वृद्धि हुई है जिसके तहत जनपदान्तर्गत वर्तमान और भविष्य में होने वाली मांग के साथ–साथ रोजगार को केन्द्रित करते हुए विभाग को कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए।

परिवहन विभाग

जनपद नैनीताल में विभिन्न श्रेणी के वाहनों के माध्यम से परिवहन को व्यवसाय के रूप में अपनाते हुए कई नागरिकों एवं संस्थाओं द्वारा परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

जनपद नैनीताल में परिवहन विभाग के 02 कार्यालय कार्यरत हैं :–

- संभागीय परिवहन कार्यालय, हल्द्वानी।
- उप संभागीय परिहवन कार्यालय, रामनगर।

नैनीताल जनपद के अन्तर्गत परिवहन विभाग द्वारा वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के दौरान कुल 37416 वाहनों का पंजीयन किया गया। आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि जनपद में व्यवसायिक वाहनों का ग्राफ अव्यवसायिक वाहनों की तुलना में अधिक रहा, जो कि जनपदान्तर्गत सामाजिक–आर्थिक विकास के सुदृढ़ होने का प्रमाण है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में दिया गया है।

पंजीकृत व्यवसायिक वाहनों का वर्षवार विवरण							
वर्ष	**बस**	**भार वाहन**	**टैक्सी**	**मैक्सी**	**ऑटो**	**ई–रिक्शा**	**योग**
2016–17	170	821	353	258	518	226	**2346**
2017–18	83	1307	307	276	432	388	**2793**
2018–19	95	1320	302	222	605	476	**3020**
2019–20	136	962	361	169	544	433	**2605**
योग	**484**	**4410**	**1323**	**925**	**2099**	**1523**	**10764**

पंजीकृत अव्यवसायिक वाहनों का वर्षवार विवरण			
वर्ष	**पंजीकृत अव्यवसायिक वाहन**	**दो पहिया वाहन**	**चार पहिया वाहन**
2016–17	21625	16923	4702
2017–18	26576	20652	5924
2018–19	23621	17955	5666
2019–20	21997	17009	4988
2020–21	19867	14495	5372
योग	**113686**	**87034**	**26652**



व्यवसायिक वाहनों के आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि जनपद में सबसे अधिक 4410 भारी वाहनों का पंजीयन किया गया जबकि सबसे कम 484 बस सेवा में पंजीयन करवाया गया। अर्थात भारी वाहनों के साथ–साथ जनपद वासियों की रूचि हल्के ई–रिक्शा एवं ऑटो जैसे वाहनों की ओर अधिक देखी जा सकती है।

जनपद में सोलर और छोटे वाहनों के अन्तर्गत रोजगार की और अधिक सम्भावनाएं है। विभाग को इस ओर ध्यान केन्द्रित करते हुए प्रचार–प्रसार कर ग्रामीण युवक युवतियों को रोजगार उपलब्ध करवाने की कार्ययोजना तैयार करने की आवश्कता प्रतीत होती है।



समाज कल्याण विभाग

समाज कल्याण विभाग के उपक्रम उत्तराखण्ड वित्त एवं विकास निगम हल्द्वानी के द्वारा जनपद में अनु0जाति स्वतःरोजगार योजना, राष्ट्रीय निगम (लघु व्यवसाय) योजना, राष्ट्रीय निगम (लघु वित्त ऋण) योजना, अनु0जनजाति स्वतःरोजगार योजना, शहरी क्षेत्र/व्यवसायिक स्थल दुकान निर्माण योजना एवं राष्ट्रीय निगम (महिला समृद्धि) योजना आदि योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिकाओं में प्रदर्शित किया गया है।

वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य अनु0 जाति स्वतःरोजगार योजना का विकासखण्डवार विवरण

विकास खण्ड का नाम	लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या	वितरित की गई धनराशि का विवरण (लाख रू0 में)				
		अनुदान	म0मनी	टर्मलोन	बैक ऋण	कुल वितरित धनराशि
हल्द्वानी	120	8.80	2.63	0	40.60	70.07
भीमताल	62	8.40	1.75	0	28.70	36.75
धारी	27	2.70	0	0	10.60	13.30
ओखलकांडा	14	1.40	0	0	6.50	7.90
रामगढ़	54	5.40	0	0	19.70	25.10
बेतालघाट	45	4.50	0	0	12.50	17.00
कोटबाग	81	8.00	2	0	35.30	45.30
रामनगर	63	6.30	0	0	22.30	28.60
योग	**466**	**45.50**	**6.38**	**0**	**176.20**	**244.02**

वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य राष्ट्रीय निगम (लघु व्यवसाय) योजना का विकासखण्डवार विवरण

विकास खण्ड का नाम	लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या	वितरित की गई धनराशि का विवरण (लाख रू0 में)				
		अनुदान	म0मनी	टर्मलोन	बैक ऋण	कुल वितरित धनराशि
हल्द्वानी	4	0	0.60	5.40	0	6.00
भीमताल	0	0	0	0	0	0
धारी	0	0	0	0	0	0
ओखलकांडा	0	0	0	0	0	0

रामगढ़	0	0	0	0	0	0
बेतालघाट	1	0	0.20	1.80	0	2.00
कोटबाग	0	0	0	0	0	0
रामनगर	0	0	0	0	0	0
योग	**5**	**0**	**0.80**	**7.20**	**0**	**8.00**

वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य राष्ट्रीय निगम (लघु वित्त ऋण) योजना का विकासखण्डवार विवरण						
विकास खण्ड का नाम	लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या	वितरित की गई धनराशि का विवरण (लाख रू0 में)				
		अनुदान	म0मनी	टर्मलोन	बैक ऋण	कुल वितरित धनराशि
हल्द्वानी	0	0	0	0	0	0
भीमताल	0	0	0	0	0	0
धारी	0	0	0	0	0	0
ओखलकांडा	0	0	0	0	0	0
रामगढ़	0	0	0	0	0	0
बेतालघाट	0	0	0	0	0	0
कोटबाग	2	0.20	0.20	0.60	0	1.00
रामनगर	0	0	0	0	0	0
योग	**2**	**0.20**	**0.20**	**0.60**	**0**	**1.00**

वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य अनु0जनजाति स्वतःरोजगार योजना का विकासखण्डवार विवरण						
विकास खण्ड का नाम	लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या	वितरित की गई धनराशि का विवरण (लाख रू0 में)				
		अनुदान	म0मनी	टर्मलोन	बैक ऋण	कुल वितरित धनराशि
हल्द्वानी	0	0	0	0	0	0
भीमताल	0	0	0	0	0	0
धारी	0	0	0	0	0	0
ओखलकांडा	0	0	0	0	0	0

रामगढ़	0	0	0	0	0	0
बेतालघाट	0	0	0	0	0	0
कोटबाग	0	0	0	0	0	0
रामनगर	9	0.90	0	0	2.40	3.30
योग	**9**	**0.90**	**0**	**0**	**2.40**	**3.30**

वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य शहरी क्षेत्र/व्यवसायिक स्थल दुकान निर्माण योजना का विकासखण्डवार विवरण						
विकास खण्ड का नाम	लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या	वितरित की गई धनराशि का विवरण (लाख रू0 में)				
		अनुदान	म0मनी	टर्मलोन	बैक ऋण	कुल वितरित धनराशि
हल्द्वानी	2	0.20	1.15	0	0.40	1.35
भीमताल	16	1.60	0.75	0	5.35	7.70
धारी	0	0	0	0	0	0
ओखलकांडा	0	0	0	0	0	0
रामगढ़	0	0	0	0	0	0
बेतालघाट	0	0	0	0	0	0
कोटबाग	1	0.10	0.75	0	0	0.85
रामनगर	2	0.20	1.5	0	0	1.70
योग	**21**	**2.10**	**4.15**	**0**	**5.75**	**11.6**

वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य राष्ट्रीय निगम (महिला समृद्धि) योजना का विकास खण्डवार विवरण						
विकास खण्ड का नाम	लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या	वितरित की गई धनराशि का विवरण (लाख रू0 में)				
		अनुदान	म0मनी	टर्मलोन	बैक ऋण	कुल वितरित धनराशि
हल्द्वानी	4	0.40	0.40	1.20	0	2.00
भीमताल	1	0.10	0.10	0.30	0	0.50
धारी	0	0	0	0	0	0
ओखलकांडा	0	0	0	0	0	0

रामगढ़	0	0	0	0	0	0
बेतालघाट	0	0	0	0	0	0
कोटबाग	0	0	0	0	0	0
रामनगर	2	0.20	0.20	0.60	0	1.00
योग	**7**	**0.70**	**0.70**	**2.10**	**0**	**3.50**

वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य अनु0जाति स्वतःरोजगार योजना का विकासखण्डवार तुलनात्मक विवरण



उपरोक्त उल्लिखित आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि जनपद में अनु0जाति स्वतःरोजगार योजना के अपेक्षा अन्य सभी योजनाओं से कई विकासखण्ड वंचित पाये जाते हैं। अनु0जाति स्वतःरोजगार योजना का प्रभाव सबसे अधिक विकासखण्ड हल्द्वानी में 26% तथा सबसे कम ओखलकाण्डा में 03% की भागीदारी से देखा जा सकता है। उक्त योजना के आंकड़ों का तुलनात्मक विवरण उपरोक्त तालिका एवं ग्राफ से भी जाना जा सकता हैं।

जनपद के सामाजिक–आर्थिक विकास एवं पलायन पर अंकुश लगाने में उपरोक्त उल्लिखित सभी योजनाएं सहायक सिद्ध हो सकती हैं। विभाग को सभी विकासखण्डों में सघन सर्वेक्षण एवं प्रचार–प्रसार करते हुए आगामी कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए, जिसका परिणाम होगा जनपद के ग्रामीण आंचलों में निवासरत आर्थिकी से पिछड़े वर्ग को आगामी समय में स्वावलम्बी बनाया जा सकता है। विभाग द्वारा सम्पादित अन्य कार्यक्रमों का विवरण निम्नवत तालिका में दर्शाया गया है।

समाज कल्याण विभाग द्वारा सम्पादित अन्य कार्यक्रमों का वर्षवार विवरण											
क्र0स0	योजना का नाम	वर्ष 2016–17		वर्ष 2017–18		वर्ष 2018–19		वर्ष 2019–20		विगत चार वर्षो का योग	
		व्यय धनराशि	लाभार्थी संख्या	व्यय धनराशि	लाभार्थी संख्या	व्यय धनराशि	लाभार्थी संख्या	व्यय धनराशि	लाभार्थी संख्या	व्यय धनराशि	लाभार्थी संख्या
1	कक्षा 1 से 08 तक अनु0जाति छात्रवृत्ति	63.19	962	90.22	11470	88.04	11360	78.12	10053	**319.57**	**33845**
2	अनु0जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति	358.31	3653	587.56	6609	398.14	7078	526.85	9300	**1870.86**	**26640**
3	पिछड़ी जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति	4.6	290	81.45	618	59.95	656	58.65	612	**204.65**	**2176**
4	पिछड़ी जाति पूर्वदश्सम् छात्रवृत्ति	0	0	0	0	0	0	16.5	1100	**16.5**	**1100**
5	अनु0जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति	42.11	530	45.73	438	9.78	108	9.78	108	**107.4**	**1184**
6	अनु0जनजाति छात्रवृत्ति कक्षा 9 से 10	0	0	1.23	82	1.035	46	1.035	46	**3.3**	**174**
7	राष्ट्रीय पारिवारीक लाभ योजना	52.4	262	29.4	147	3.25	16	19.6	98	**104.65**	**523**
8	अनु0जाति बाहुल्य क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं का विकास (एस.सी.पी.)	0	0	372.58	50	290.31	36	418.88	42	**1081.77**	**128**
9	अत्याचारों से उत्पीड़ित व्यक्तियों को आर्थिक सहायता	0	0	5	1	25.94	11	6.25	8	**37.19**	**20**
10	अनु0जाति के पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान	19	38	92	184	157.5	315	109.5	219	**378**	**756**
कुल –		**539.61**	**5735**	**1305.17**	**19599**	**1033.95**	**19626**	**1245.17**	**21586**	**4123.89**	**66546**

समाज कल्याण विभाग द्वारा सम्पादित अन्य कार्यक्रमों का वर्षवार विवरण											
क्र0स0	योजना का नाम	वर्ष 2016–17		वर्ष 2017–18		वर्ष 2018–19		वर्ष 2019–20		विगत चार वर्षों का	
		व्यय धनराशि	लाभार्थी संख्या	व्यय धनराशि	लाभार्थी संख्या	व्यय धनराशि	लाभार्थी संख्या	व्यय धनराशि	लाभार्थी संख्या	व्यय धनराशि	लाभार्थी संख्या
11	अनु0जनजाति कक्षा 1 से 8 तक छात्रवृत्ति	0	0	2.36	304	1.64	209	8.1	520	12.1	1033
12	अनु0जनजाति के व्यक्तियों की पुत्री की शादी हेतु अनुदान	0	0	0.5	1	5	10	3.5	7	9	18
13	अनु0 जाति अटल आवास योजना	0	0	12.39	67	19.26	36	0	0	31.65	103
14	अनु0जनजाति अटल आवास	0	0	0	0	0.705	3	0	0	0.705	3
15	निराश्रित विधवाओं की पुत्री की शादी हेतु अनुदान	12	24	22	44	36.5	73	30	60	100.5	201
16	बृद्धावस्था पेंशन	2939.42	26430	3200.49	28492	3869.47	30570	3849.42	30978	13858.8	30978
17	किसान पेंशन	209.49	1677	170.86	2126	313.89	2336	330.5	2294	1024.74	2294
18	दिव्यांग व्यक्तियों को शादी हेतु अनुदान	2	8	1.25	5	1.5	6	2.5	10	7.25	29
19	दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग हेतु अनुदान	3.23	95	1.01	34	1.64	47	0	0	5.88	176
20	विकलांग पेंशन	501.12	4732	637.06	4706	692.25	5244	688.94	5389	2519.37	5389
कुल –		3667.26	32966	4047.92	35779	4941.86	38534	4912.96	39258	17570	40224
महायोग		4206.9	38701	5353.1	55378	5975.8	58160	6158.1	60844	21693.9	106770

रेषम विभाग

जनपदान्तर्गत रेशम विभाग द्वारा वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के दौरान कुल रूपये 103.15 लाख की धनराशि का परिव्यय किया गया जिसमें जिला योजना का रूपये 58.58 लाख तथा राज्य योजना का रूपये 44.57 लाख की धनराशि को व्यय करते हुए कुल 178330 शहतूत के पौधों का 90 ग्रामों में वृक्षारोपण करवाया गया। वर्तमान में जनपदान्तर्गत कुल 826 परिवार रेशम व्यवसाय से जुड़े हुए हैं, जिनके द्वारा विगत उल्लिखित वर्षों के दौरान 110566.10 किग्रा कोया का उत्पादन किया गया। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका में दर्शाया गया है।

वर्ष	वित्तीय प्रगति विवरण (रू0 लाख में)			भौतिक प्रगति विवरण (कार्यों की सूची)			
	जिला योजना	राज्य योजना	कुल व्यय धनराशि	शहतूती रेशम कोया उत्पादन (किग्रा)	लाभान्वित कीटपालक परिवार (संख्या)	आच्छादित रेशम ग्राम (संख्या)	शहतूत वृक्षारोपण (संख्या)
2016-17	13.20	3.83	17.03	25114.00	720	75	26350
2017-18	13.88	4.36	18.24	25352.90	755	85	57200
2018-19	15.00	11.05	26.05	29249.00	825	88	74780
2019-20	16.50	25.33	41.83	30850.20	826	90	20000
महायोग	**58.58**	**44.57**	**103.15**	**110566.10**	**NA**	**NA**	**178330**
वर्ष 2019–20 का विकासखण्डवार विवरण							
हल्द्वानी	4.95	7.47	12.42	3085.02	124	9	4000
भीमताल	1.65	2.53	4.18	3085.02	82	9	1000
रामनगर	3.30	4.94	8.24	9255.06	166	18	4000
कोटाबाग	6.60	10.39	16.99	15425.10	454	54	11000
योग	**16.50**	**25.33**	**41.83**	**30850.20**	**826**	**90**	**20000**

विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि विकासखण्ड कोटाबाग द्वारा वर्ष 2019–20 के लिए कुल परिव्यय में 40% का योगदान के साथ 55% कीटपालक परिवारों को लाभान्वित करते हुए और 60% रेशम ग्रामों को आच्छाादित करवाते हुए जनपद में पहला स्थान प्राप्त किया किन्तु उल्लिखित मदों में विकासखण्ड भीमताल एवं रामनगर द्वारा क्रमशः 10% व 20% के माध्यम से सबसे कम योगदान दिया गया। जनपद स्तर पर देखा जाय तो विकासखण्ड धारी, रामगढ़, ओखलकाण्डा और बेतालघाट में रेशम विभाग की योजनाएं संचालित ही नहीं हैं। जिसका विवरण निम्नवत ग्राफों के माध्यम से भी जाना जा सकता है।

वर्ष 2019–20 के दौरान रेशम विभाग द्वारा किये गये परिव्यय का विकासखण्डों में तुलनात्मक विवरण



वर्ष 2019–20 के दौरान रेशम विभाग द्वारा लाभान्वित किये गये कीटपालक परिवारों का विकासखण्डों में तुलनात्मक विवरण



वर्ष 2019–20 के दौरान रेशम विभाग द्वारा आच्छादित किये गये रेशम ग्रामों का विकासखण्डों में तुलनात्मक विवरण



रेशम व्यवसाय में पर्वतीय इलाकों में रोजगार के अपार पायदान मौजूद हैं जिसके लिए विभाग को जनपदान्तर्गत रेशम व्यवसाय को बढावा दिये जाने हेतु सभी विकासखण्डों के स्थलों और उद्यमियों को चिह्नित करते हुए आगामी कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए, जिसका परिणाम होगा आगामी आने वाले समय में ग्रामीण अंचलों में सामाजिक–आर्थिक विकास का सुदृढ़ होने एवं पलायन पर अंकुश लगाने में अतिरिक्त सहयोग प्राप्त होगा।

सहकारिता विभाग

सहकारिता विभाग के अन्तर्गत जनपद नैनीताल में कुल 53 बहुउद्देशीय साधन/किसान/दीर्घकार सहकारी समितियां (एमपैक्स) कार्य कर रही है जिसका मुख्य उद्देश्य अपने सदस्यों जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं, तथा कृषि पर निर्भर है, उन्हें अल्पकालीन फसली ऋण नकदी एवं वस्तु रूप में (यथा उर्वरक, उन्नतशील प्रजाति के बीज) तथा मध्यकालीन ऋण उपलब्ध कराना है, ताकि कृषकों का आर्थिक विकास हो सके। कृषक सदस्यों की फसली ऋण सीमा 03 वर्ष हेतु निर्धारित की जाती है। उक्त ऋण पर वर्तमान में प्रचलित सामान्य वार्षिक ब्याज की दर 07 प्रतिशत है।

उत्तराखण्ड राज्य में दिनांक 1 अक्टूबर, 2017 से उत्तराखण्ड शासन द्वारा कृषकों के कल्याणार्थ अति महत्वपूर्ण योजना दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना संचालित की गई है, जिसके अन्तर्गत 08 फरवरी 2019 से लघु, सीमान्त एवं बी0पी0एल0 परिवारों के कृषकों को कृषि एवं कृषिकर्म तथा सहवर्ती कार्यों से साथ ही कृषि प्रसंस्करण से सम्बन्धित समस्त क्रियाकलापों हेतु व्यक्तिगत लाभार्थी को 1.00 लाख तक एवं स्वयं सहायता समूहों को 5.00 लाख तक का ब्याज रहित ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

योजनान्तर्गत फसली ऋण के साथ–साथ कृषकों को दुधारू पशु क्रय, घोड़ा–खच्चर क्रय, बकरी पालन, मुर्गी पालन, सुअर पालन आदि हेतु मध्यकालीन ऋण भी प्रदान कराया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त जनपद नैनीताल में जिला सहकारी बैंक लि0 मुख्यालय हल्द्वानी (केन्द्रीय सहकारी बैंक) के रूप में पंजीकृत है, जिसकी जनपद में कुल 33 शाखाएं संचालित हैं। सहकारी बैंक अन्य व्यवसायिक बैंकों की भांति ही बैंकिग का कार्य करता है, साथ ही अपने से सम्बद्ध समितियों को वित्तपोषण का कार्य भी करता है।

सहकारिता विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि जनपद में सहकारिता समितियों द्वारा विगत चार वर्षों के मध्य 27872 कृषकों को अल्पकालीन ऋण एवं 716 कृषकों को मध्यकालीन ऋण उपलब्ध करवाने में समितियों द्वारा कुल रूपये 43371.39 लाख का ऋण कृषकों को वितरण किया गया। आंकड़ों से यह भी स्पष्ट होता है कि समितियों में ऋण धनराशि के साथ–साथ समिति सदस्यता में भी वृद्धि देखी जा सकती है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका में प्रदर्शित किये गये हैं।

सहकारिता विभाग नैनीताल द्वारा उल्लेखित वर्षों में लाभान्वित करवाये गये कृषकों एवे वितरित ऋण का वर्षवार विवरण

वर्ष	अल्पकालीन ऋण वितरण		मध्यकालीन ऋण वितरण		कुल ऋण वितरण	
	संख्या	धनराशि	संख्या	धनराशि	संख्या	धनराशि
2016-17	15963	8285.60	0	0.00	15963	8285.60
2017-18	16529	9201.56	243	132.93	16772	9334.49
2018-19	18747	9823.14	344	184.10	19091	10007.24
2019-20	27872	15335.16	716	408.90	28588	15744.06
योग	**NA**	**42645.46**	**NA**	**725.93**	**NA**	**43371.39**

आंकड़ों के अध्ययन से यह भी ज्ञात होता है कि जनपद के विकासखण्ड हल्द्वानी में सबसे अधिक 5768 किसान तथा सबसे कम विकासखण्ड रामगढ़ में 1831 किसान सहकारी समितियों द्वारा लाभान्वित किये गये। ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता विभाग का किसानों से सीधा सम्बन्ध है जो कि किसानों की जरूरत के अनुसार अल्पकालीन एवं मध्यकालीन ऋण उपलब्ध कराता है, किन्तु जनपद की कुल जनसंख्या मे से 60% जनसंख्या की कृषि पर निर्भरता है, जिसका मात्र 4.8% जनसंख्या तक ही समितियाँ लाभ पहुँचा पाई हैं, जबकि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा दीन दयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना संचालित की गई है जिसमें किसानों को ब्याज रहित ऋण उपलब्ध करवाये जाने का भी प्राविधान किया गया है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एंव ग्राफ में प्रदर्शित किये गये है।

सहकारिता विभाग नैनीताल द्वारा वर्ष 2019–20 में लाभान्वित किये गये कृषकों एवं वितरित ऋण का विकासखण्डवार विवरण

क्र0सं0	विकाखण्ड	अल्पकालीन ऋण वितरण		मध्यकालीन ऋण वितरण		कुल ऋण वितरण	
		संख्या	धनराशि	संख्या	धनराशि	संख्या	धनराशि
1	भीमताल	3028	2131.72	80	52.00	3108	2183.72
2	रामगढ़	1777	1219.2	54	31.00	1831	1250.20
3	बेतालघाट	2674	1957.98	54	30.00	2728	1987.98
4	ओखलकांडा	2432	1400.11	34	20.90	2466	1421.01
5	धारी	3683	2599.08	41	30.00	3724	2629.08
6	कोटाबाग	4192	2246.53	154	93.00	4346	2339.53
7	हल्द्वानी	5609	2103.59	159	79.00	5768	2182.59
8	रामनगर	4477	1676.95	140	73.00	4617	1749.95
योग		**27872**	**15335.16**	**716**	**408.90**	**28588**	**15744.06**



सहकारिता विभाग को किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरलतम नियम कानून के साथ ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करने की रणनीति तैयार करनी चाहिए, क्योंकि समितियों के लिए कार्य करने के लिए विस्तृत कार्यक्षेत्र उपलब्ध हैं।

डेरी विकास विभाग

डेरी विकास विभाग द्वारा दुग्ध व्यवसाय को बढ़ावा दिये जाने के लिए राज्य योजना एवं जिला योजना जैसे दो मदों के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम संचालित करते हुए राज्य योजना से 23403 लाभार्थियों को प्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहन देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

महिला डेरी योजना :–इस योजना के तहत डेयरी विकास विभाग द्वारा विगत चार सालों में रूपये 161.64 लाख का परिव्यय करते हुए 15 लाभार्थियों को रोजगार दिया जा रहा है जिसको और अधिक बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिसके लिए विभाग को आगामी कार्ययोजना में सम्मिलित करना होगा।

गंगा गाय महिला डेरी विकास योजना :–उल्लिखित योजना के आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि जिस दर से वित्तीय धनराशि में गिरावट हुई उसी दर से लाभार्थियों की संख्या में भी कमी देखी जा सकती है, जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लिखित योजना के प्रति लाभार्थियों की रूचि में बदलाव के साथ–साथ पलायन की पुष्टि भी करता है।

राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना :– डेरी विकास विभाग की इस योजना के तहत 54 परिवारों को लाभान्वित किया गया जिसके अन्तर्गत 07 परिवारों को 05 की दर से कुल 35 दुधारू पशु तथा 47 परिवारों को 03 की दर से कुल 141 दुधारू पशु उपलब्ध करवाये गये।

1– विभाग को इस नियम में बदलाव करते हुए 01 या 02 दुधारू पशु दिये जाने का प्राविधान करना चाहिए क्योंकि पर्वतीय क्षेत्रों में ग्रामीणों की रूचि 01 या अधिकतम 02 दुधारू पशु पालने की होती है। यदि ऐसा किया जाता है तो इस योजना से अधिक ग्रामीण परिवारों को भी लाभान्वित किया जा सकता है।

2– ग्रामीण क्षेत्रों में डेरी व्यवसाय को बढावा दिये जाने के लिए विभाग द्वारा दिये जा रहे अनुदान की धनराशि को 25% से बढ़ाकर 50% किया जाना अपेक्षित होगा, साथ ही ग्रामीणों को पहाड़ी दुधारू पशुओं की नस्ल जो जनपदों में स्थापित AI सेन्टरों में अपग्रेड की हुई हो उपलब्ध करवाये जाने का प्राविधान किया जाना उचित होगा। जिसका परिणाम होगा कि कम दुधारू पशुओं से अधिक दूध का प्राप्त होना तथा ग्रामीणों में दुधारू पशु पालने की कम होती इच्छा शक्ति में भी वृद्धि देखने को मिलेगी।

3– गाय भैंस के दूध के साथ–साथ यदि बकरी के दूध को शामिल किया जाता है तो डेरी व्यवसाय को और अधिक मजबूती प्राप्त होगी, साथ ही पशुशाला को सुदृढ़ करने के लिए भी विभाग को अन्य विभागों के साथ युगपतिकरण करने का आगामी कार्ययोजना में प्राविधान किया जाना उचित होगा। राज्य योजना में सम्मिलित योजनाओं के आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका में प्रदर्शित किये गये हैं।

राज्य योजना के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों का वर्षवार विवरण								
महिला डेरी योजना			गंगा गाय महिला डेरी विकास योजना		दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन योजना		सचिव प्रोत्साहन योजना	
वर्ष	व्यय धनराशि	लाभार्थी	व्यय धनराशि	लाभार्थी	व्यय धनराशि	लाभार्थी	व्यय धनराशि	लाभार्थी
2016–17	32.73	15	73.30	260	637.22	20792	0	0
2017–18	40.18	15	63.09	228	691.94	21404	29.77	265
2018–19	41.47	15	39.80	145	958.84	21581	35.40	265
2019–20	47.27	15	12.37	45	972.59	22759	34.40	267
योग	**161.64**	**NA**	**188.56**	**NA**	**3260.59**	**NA**	**99.57**	**NA**

राज्य योजना के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों का वर्षवार विवरण								
यातायात अनुदान योजना			साईलेज एवं दुधारू पशु पोषण योजना		पशु चारा परिवहन योजना		राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना (एन0सी0डी0सी0)	
वर्ष	व्यय धनराशि	लाभार्थी	व्यय धनराशि	इकाई	व्यय धनराशि	समिति	व्यय धनराशि	लाभार्थी
2019–20	18.40	263	5.08	114 मै0टन	11.08	550 समिति	26.58	54 परिवार
योग	**18.40**	**NA**	**5.08**	**NA**	**11.08**	**NA**	**26.58**	**NA**

डेरी विकास विभाग द्वारा जिला योजनान्तर्गत ग्रामीणों का विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उपलब्ध करवायी जा रही सुविधाओं के आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि विगत चार वर्षों के दौरान जहाँ एक ओर कई कार्यक्रमों के आंकड़ें शून्य हो जा रहें हैं, वहीं दूसरी ओर कई योजनायों की शुरूवात हुई है।

विभाग की टीकाकरण, मिनरल मिक्सर अनुदान तथा भूसा गोदाम जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के आंकड़ों का शून्य हो जाना डेरी विकास की सोच को अल्पविराम लगना जैसा है। विभाग इन कार्यक्रमों के साथ–साथ संतुलित पशु आहार अनुदान, डिवार्मिंग, नई दुग्ध समिति गठन हेतु प्रथम वर्ष सहायता तथा स्वच्छ दुग्ध उत्पादन गोष्ठी/उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमको भी बढ़ावा किये जाने की अति आवश्यकता है, जिसका परिणाम होगा ग्रामीणों को अधिक से अधिक सुविधायें उपलब्ध होने से ग्रामीण क्षेत्रों में डेरी के प्रति लोगो की भावनाओं में परिवर्तन आयेगा जिससे डेरी व्यवसाय को और मजबूती प्राप्त होगी। जिला योजना के आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका में दर्शाया गया है।

जिला योजना के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों का वर्षवार विवरण								
टीकाकरण			मिनरल मिक्चर अनुदान		काम्पैक्ट फीड ब्लॉक अनुदान		भूसा गोदाम	
वर्ष	व्यय धनराशि	पशु की संख्या	व्यय धनराशि	इकाई	व्यय धनराशि	इकाई	व्यय धनराशि	इकाई
2016–17	2.50	12500	7.84	26.13 मै0टन	6.725	224.17 मै0टन	5.45	1
2017–18	1.29	6450	9.00	30.00 मै0टन	7.92	264.00 मै0टन	0	0
2018–19	0	0	10.00	33.3 मै0टन	8.51	283.67 मै0टन	0	0
2019–20	0	0	0	0	13.39	443.67मै0टन	0	0
योग	**3.79**	**NA**	**26.84**	**NA**	**36.55**	**NA**	**5.45**	**NA**

जिला योजना के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों का वर्षवार विवरण								
संतुलित पशु आहार अनुदान			डिवार्मिंग		नई दुग्ध समिति गठन हेतु प्रथम वर्ष सहायता		स्वच्छ दुग्ध उत्पादन गोष्ठी/उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम	
वर्ष	व्यय धनराशि	इकाई	व्यय धनराशि	पशु की संख्या	व्यय धनराशि	इकाई	व्यय धनराशि	इकाई
2016–17	0	0	0	0	0	0	1.45	35
2017–18	0	0	3.07	10000	0	0	1.45	35
2018–19	0	0	6.00	15000	0	0	1.45	35
2019–20	9.27	231.63 मै0टन	12.0	30000	1.84	5	1.65	45
योग	**9.27**	**NA**	**21.07**	**NA**	**1.84**	**NA**	**6.00**	**NA**

पशुपालन विभाग

उत्तराखण्ड की लगभग 2.64% जनसंख्या डेरी अथवा पशुपालन पर निर्भर है जिसमें नैनीताल जनपद द्वारा 6.44% के माध्यम से उत्तराखण्ड में चम्पावत के बाद दूसरे नम्बर पर योगदान दिया जाता है। पशुपालन विभाग द्वारा वर्तमान में संचालित योजनाओं के लिए प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण निम्नवत दिया गया है।

अहिल्या बाई होल्कर बकरी पालन योजना :– सम्बन्धित योजना में विभाग द्वारा विगत चार वर्षों के दौरान कुल रूपये 16.52 लाख की धनराशि का परिव्यय करते हुए 18 परिवारों को (10+1) की दर से 100% अनुदान पर बकरी पालन का स्वरोजगार उपलब्ध कराया गया, जो कि सभी विकासखण्डों में बहुत ही न्यून है जबकि उल्लिखित योजना में जातिगत कोई भी पाबन्दी नहीं है। आंकड़ों का विकासखण्ड एवं वर्षवार विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में दर्शाया गया है।

अहिल्या बाई होल्कर बकरी पालन योजना का विकासखण्ड एवं वर्षवार विवरण

विकासखण्ड / वर्ष	भौतिक प्रगति				वित्तीय प्रगति				योग	
	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	भौतिक	वित्तीय
हल्द्वानी	1	2	0	0	0.92	1.84	0	0	3	2.75
कोटाबाग	0	1	0	0	0.00	0.92	0	0	1	0.92
रामनगर	3	1	0	0	2.75	0.92	0	0	4	3.67
बेतालघाट	0	1	0	0	0.00	0.92	0	0	1	0.92
ओखलकाण्डा	0	1	0	0	0.00	0.92	0	0	1	0.92
रामगढ	1	1	0	0	0.92	0.92	0	0	2	1.84
धारी	2	2	0	0	1.84	1.84	0	0	4	3.67
भीमताल	1	1	0	0	0.92	0.92	0	0	2	1.84
योग	**8**	**10**	**0**	**0**	**7.3411**	**9.1762**	**0**	**0**	**18**	**16.517**



अनुसूचित जाति गौ–पालन योजना :– विभाग की इस योजना के आंकड़ों को देखें तो ज्ञात होता है कि विगत चार वर्षों के मध्य कुल रूपये 77.04 लाख की धनराशि को खर्च करते हुए जनपद में 214 SC, ST गरीब परिवारों को 90% अनुदान पर 01 गाय की दर से पशु उपलब्ध करवाया गया। विभाग द्वारा प्रति यूनिट हेतु रूपये 40 हजार की धनराशि का प्राविधान रखा गया है। वर्षवार एवं विकासखण्डवार विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किये गये हैं।

अनुसूचित जाति के लाभार्थी गौ–पालन योजना का विकासखण्ड एवं वर्षवार विवरण										
विकासखण्ड / वर्ष	भौतिक प्रगति				वित्तीय प्रगति				योग	
	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	भौतिक	वित्तीय
हल्द्वानी	13	6	4	8	4.68	2.16	1.44	2.88	31	11.16
कोटाबाग	8	6	4	6	2.88	2.16	1.44	2.16	24	8.64
रामनगर	14	6	3	5	5.04	2.16	1.08	1.8	28	10.08
बेतालघाट	10	6	3	6	3.6	2.16	1.08	2.16	25	9.00
ओखलकाण्डा	9	5	3	5	3.24	1.8	1.08	1.8	22	7.92
रामगढ	11	6	3	6	3.96	2.16	1.08	2.16	26	9.36
धारी	13	6	4	6	4.68	2.16	1.44	2.16	29	10.44
भीमताल	11	6	4	8	3.96	2.16	1.44	2.88	29	10.44
योग	**89**	**47**	**28**	**50**	**32.04**	**16.92**	**10.08**	**18**	**214**	**77.04**



अनुसूचित जाति बकरीपालन योजना :– अनुसूचित जाति बकरीपालन योजना के तहत विभाग ने विगत चार वर्षों के मध्य कुल रूपये 57.33 लाख का परिव्यय करते हुए जनपद के 91 SC, ST गरीब परिवारों से (10+1) की दर से 90% अनुदान पर बकरी पालन का व्यवसाय शुरू करवाया गया। प्रति यूनिट हेतु विभाग द्वारा रूपये 70 हजार धनराशि का प्राविधान रखा गया है। आंकड़ों का विकासखण्ड एवं वर्षवार विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में दशाये गये हैं।



अनुसूचित जाति के लाभार्थी बकरी पालन योजना का विकासखण्ड एवं वर्षवार विवरण										
विकासखण्ड/वर्ष	भौतिक प्रगति				वित्तीय प्रगति				योग	
	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	भौतिक	वित्तीय
हल्द्वानी	4	2	3	2	2.52	1.26	1.89	1.26	11	6.93
कोटाबाग	2	2	4	3	1.26	1.26	2.52	1.89	11	6.93
रामनगर	2	2	4	3	1.26	1.26	2.52	1.89	11	6.93
बेतालघाट	2	2	4	2	1.26	1.26	2.52	1.26	10	6.30
ओखलकाण्डा	2	2	4	3	1.26	1.26	2.52	1.89	11	6.93
रामगढ	3	2	3	2	1.89	1.26	1.89	1.26	10	6.30
धारी	4	2	4	3	2.52	1.26	2.52	1.89	13	8.19
भीमताल	3	2	4	5	1.89	1.26	2.52	3.15	14	8.82
योग	**22**	**16**	**30**	**23**	**13.86**	**10.08**	**18.9**	**14.49**	**91**	**57.33**

अनुसूचित जाति कुक्कुट पालन योजना :–उल्लिखित योजना में विभाग द्वारा विगत चार वर्षों के समयावधि में कुल रूपये 46.20 लाख की धनराशि का परिव्यय करते हुए 2200 SC,STगरीब परिवारों को 100% अनुदान पर 50 चूजे, जाली, दाना और दवाई भी उपलब्ध करवाकर कुक्कुटपालन के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रति यूनिट हेतु विभाग द्वारा रूपये 2100 धनराशि का प्राविधान रखा गया है।

आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि जनपद के विकासखण्ड हल्द्वानी में कुक्कुट पालन के लिए अधिक परिवारों द्वारा रूचि दिखायी गयी है जबकि विकासखण्ड ओखलकाण्डा में सबसे कम ग्रामीणों परिवारों ने इस व्यवसाय के प्रति अपनी रूचि दिखायी अर्थात विभाग को मैदानी विकासखण्डों से अधिक पर्वतीय विकासखण्डों में अधिक ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है। वर्षवार एवं विकासखण्डवार विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किये गये हैं।

अनुसूचित जाति के लाभार्थ कुक्कुट पालन योजना का विकासखण्ड एवं वर्षवार विवरण										
विकासखण्ड/वर्ष	भौतिक प्रगति				वित्तीय प्रगति				योग	
	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	भौतिक	वित्तीय
हल्द्वानी	130	150	75	150	2.73	3.15	1.575	3.15	505	10.61
कोटाबाग	170	0	75	100	3.57	0	1.575	2.1	345	7.25
रामनगर	100	150	75	150	2.1	3.15	1.575	3.15	475	9.98
बेतालघाट	0	50	75	50	0	1.05	1.575	1.05	175	3.68
ओखलकाण्डा	0	0	75	0	0	0	1.575	0	75	1.58
रामगढ	70	0	75	50	1.47	0	1.575	1.05	195	4.10
धारी	0	0	75	0	0	0	1.575	0	75	1.58
भीमताल	100	80	75	100	2.1	1.68	1.575	2.1	355	7.46
योग	**570**	**430**	**600**	**600**	**11.97**	**9.03**	**12.6**	**12.6**	**2200**	**46.2**



महिला बकरीपालन योजना :– विभाग शत–प्रतिशत अनुदान पर ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत विधवा, निराश्रित गरीब महिलाओं को 35 हजार की लागत वाली इस योजनान्तर्गत वर्ष 2017–18 और वर्ष 2019–20 में ही विकासखड ओखलकाण्डा, धारी और कोटाबाग को छोडते हुए निम्नवत तालिका में उल्लिखित विकासखण्डों के अन्तर्गत 25 महिलाओं को (03+1) की दर पर बकरीपालन के व्यवसाय से लाभान्वित किया गया।

महिला बकरी पालन योजना का विकासखण्ड एवं वर्षवार विवरण

विकासखण्ड / वर्ष	भौतिक प्रगति		वित्तीय प्रगति		योग	
	2017–18	2019–20	2017–18	2019–20	भौतिक	वित्तीय
हल्द्वानी	0	5	0	1.75	5	1.75
रामनगर	5	0	1.75	0	5	1.75
बेतालघाट	0	5	0	1.75	5	1.75
रामगढ	0	5	0	1.75	5	1.75
भीमताल	5	0	1.75	0	5	1.75
योग	**10**	**15**	**3.50**	**5.25**	**25**	**8.75**

1– उपरोक्त सभी योजनाओं के आंकड़ों में विभाग की उपलब्धि विभागीय रूप से अच्छी हो सकती है, किन्तु ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक–आर्थिक विकास की दृष्टिकोण से उपलब्धि बहुत ही न्यूनतम है, जिसे आगामी कार्ययोजना में बढ़ाने की अति आवश्यकता है।

2– विभाग को आगामी कार्ययोजना में पहाड़ी क्षेत्रों में पहाडी गाय, भैंस, कुक्कुट और बकरी की नस्ल को ही जनपदस्तर पर स्थापित AI सेन्टरों में पहाड़ी ब्रीड को अपग्रेड किए जाने के प्राविधान को अनिवार्य किया जाना चाहिए।

3– पशुपालन विभाग को भेड़पालन, बत्तखपालन, बटेरपालन के साथ–साथ कबूतरपालन को भी अपनी आगामी कार्ययोजना में सम्मिलित करने का प्राविधान करना चाहिए।

4– विभाग को जनपद में भूसा/फीड/चारा की उपलब्धता हेतु न्याय पंचायत स्तर पर गोदाम बनाने की ठोस रणनीति तैयार चाहिए।

5– भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के साथ–साथ पशुधन व्यवसाय को बढ़ावा दिये जाने के लिए विभाग को अपने कार्यक्रमों के साथ–साथ आयोग द्वारा निर्गत सिफारिशों को भी सम्मिलित करना चाहिए।

6– डेरी एवं पशुपालन को उत्तराखण्ड में बढ़ावा दिये जाने के लिए सरकार को डेरी एवं पशुपालन विभाग को एकीकृत करने का प्राविधान करना चाहिए।

उद्यान विभाग

केन्द्र पोषित :–उद्यान विभाग द्वारा केन्द्र सैक्टर के अन्तर्गत विभाग द्वारा कुल रूपये 14980.035 लाख का परिव्यय करते हुए फल, सब्जी, मसाला, एन्टी हैलनेट, पॉली हाउस, पावर ट्रिलर और टैक्टर आदि को बढ़ावा दिये जाने हेतु कार्य किया गया। विगत चार वर्षों के आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि जनपद में फल विस्तारीकरण में सबसे अधिक योगदान विकासखण्ड रामनगर, सब्जी उत्पादन और मसाला उत्पादन में बेतालघाट, पॉलीहाउस में भीमताल तथा पावर ट्रिलर में रामगढ़ विकासखण्ड द्वारा दिया गया। विभाग को उल्लिखित कार्यक्रमों को सभी विकासखण्डों में और अधिक बढ़ावा दिये जाने की ओर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए क्योकि पहाड़ी फल, सब्जी और मसालों की बाजार में मांग अधिक है परन्तु मांग पूरी न होने के कारण बाहरी राज्यों एवं जनपदों पर आश्रित रहना पड़ता है।

विभाग द्वारा कृषकों को हर वर्ष घास में लिफ्टे व जड़ कटी फलदार पौध वितरण किये जाते है, जिनके सर्वाइवल होने की दर बहुत कम होती है, जिससे सरकारी धन का भी सदुप्रयोग नहीं होता, साथ ही किसानों की मेहनत भी बर्बाद होती है, इस कमी को दूर करने के लिए किसानों को उन्नत किस्म के पौध जो विकसित हुए हों उपलब्ध करवाने का प्राविधान करना चाहिए। यह पौध आगे जाकर किसानों की आजीविका का अच्छा स्रोत बन सकेंगे।

विकासखण्ड हल्द्वानी में सब्जी उत्पादन के साथ–साथ एन्टी हैलनेट के आंकड़ों का शून्य होना विभाग की कार्यशैली पर प्रश्न चिह्न लगाता है क्योंकि सब्जी की सबसे अधिक खपत विकासखण्ड हल्द्वानी मुख्यालय पर ही है। विभाग को शीघ्र हल्द्वानी, कोटाबाग, रामनगर, धारी और ओखलकाण्डा विकासखण्डों में सब्जी उत्पादन हेतु ठोस रणनीति के साथ कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए।

विकासखण्ड रामनगर में सब्जी उत्पादन, मसाला और पॉलीहाउस के आंकड़ों का भी बहुत न्यून होना विकासखण्ड के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए उचित नहीं है। विभाग को रामनगर विकासखण्ड के साथ–साथ धारी, ओखलकाण्डा और हल्द्वानी विकासखण्डों में अधिक ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है। रामनगर और हल्द्वानी के नाम उत्तराखण्ड की मण्डियों में शामिल हैं।

विभाग से प्राप्त आंकड़ों में पावर ट्रिलर के आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि जनपद के विकासखण्ड ओखलकाण्डा में आंकड़ें शून्य होने के साथ–साथ विकासखण्ड धारी और रामगढ़ के अलावा अन्य

विकासखण्डों में भी आंकड़ें अपेक्षाकृत बहुत कम है। इसका तात्पर्य यह होता है कि विभाग द्वारा नई तकनीकी जानकारी कृषकों को नहीं दी जा रही है जिसका परिणाम विभाग के आंकड़ों में प्रलक्षित हो रहा है। विभाग को इस ओर भी ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफों में दर्शाया गया है।

उद्यान विभाग द्वारा वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य केन्द्र सेक्टर के अन्तर्गत सम्पादित कार्यो का विकासखण्डवार विवरण

क्र0सं0	विकासखण्ड	भौतिक प्रगति (इकाई हेक्टेयर/संख्या में)							वित्तीय प्रगति (लाख में)						
		फल	सब्जी	मसाला	एन्टी हैलनेट	पॉली हाउस	पावर ट्रिलर	टैक्टर	फल	सब्जी	मसाला	एन्टी हैलनेट	पॉली हाउस	पावर ट्रिलर	टैक्टर
1	ओखलकाण्डा	34.8	34.8	24.25	580	910	0	0	6.26	8.7	4.27	11.65	3407.1	0	0
2	बेतालघाट	91.43	86.9	84.3	2552	13250	4	0	16.46	21.72	12.86	10.71	119.15	1.89	0
3	भीमताल	10.5	57.3	50.25	1815	15954	12	1	1.89	13.88	8.41	113.47	164.26	5.7	0.2
4	कोटाबाग	81.25	4	61.97	10	6986	7	10	415.4	57.5	9.3	250	18.44	8816.8	65.93
5	रामनगर	107.21	31.5	9	6900	29	9	0	19.26	4.78	2.59	69.48	27.06	47.22	0
6	रामगढ़	71.41	38.7	59	747	6950	126	0	14.69	9.67	9.67	206.22	97.22	122.32	0
7	हल्द्वानी	19.75	0	38.8	0	5300	12	6	3.56	0	7.18	0	213.33	132.07	80.79
8	धारी	39.7	31	20	3509	11050	96	0	7.04	7.5	3.2	87.73	148.54	96.93	0
योग		456.05	284.2	347.57	16113	60429	266	17	484.6	123.75	57.48	749.26	4195.1	9222.9	146.92











विभाग को फल, सब्जी तथा मसाला उत्पादन के लिए उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण, उत्तम किस्म के पौध एवं बीज उपलब्ध करवाने के साथ–साथ विपणन की ठोस नीति के साथ कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए। उद्यानीकरण में रोजगार की अपार सम्भावनायें हैं, जिसके लिए विभाग को संजीदगी के साथ योजनाओं को धरातल पर उतराने का कार्य करना होगा।

राज्य पोषित :–राज्यपोषित योजना के अन्तर्गत विभाग द्वारा विगत वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य घेरबाड एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण हेतु विभाग द्वारा कुल रूपये 230.32 लाख का परिव्यय करते हुए 39 घेरबाड तथा 380 वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया गया, जो कि जनपद की जनसंख्या के दृष्टिगत बहुत न्यून है। भविष्य में विभाग के लक्ष्यों को बढ़ाया जाना उचित होगा।

उद्यान विभाग द्वारा वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य राज्य सेक्टर के अन्तर्गत सम्पादित कार्यों का विकासखण्डवार विवरण

क्र0स0	विकासखण्ड	भौतिक प्रगति (इकाई हेक्टेयर/संख्या में)		वित्तीय प्रगति (लाख में)	
		घेरबाड की योजना	वर्मी कम्पोस्ट यूनिट निर्माण	घेरबाड की योजना	वर्मी कम्पोस्ट यूनिट निर्माण
1	ओखलकाण्डा	11	131	5.37	32.75
2	बेतालघाट	7	3	95	23.75
3	भीमताल	2	67	0.7	16.75
4	कोटाबाग	5	0	3.3	0
5	रामनगर	0	35	0	8.75
6	रामगढ़	7	40	2.55	10
7	हल्द्वानी	0	25	0	6.25
8	धारी	7	79	5.4	19.75
योग		**39**	**380**	**112.32**	**118**



विकासखण्ड स्तर पर योजना के आंकड़ों को देखे तो स्पष्ट होता है कि जनपद के विकासखण्ड भीमताल में सबसे कम 05% तथा सबसे अधिक विकासखण्ड ओखलकाण्डा में 28% घेरबाड का निर्माण किया गया जिसका उद्देश्य है कि जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा करना। वर्तमान समय में राज्य के पर्वतीय जनपदों में जंगली जानवरों के आंतक की समस्या हर जगह है, विभाग द्वारा इस योजना के लक्ष्यों

को बढ़ाया जाना उचित होगा। जिसके परिणाम स्वरूप पर्वतीय ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा कृषकों को जंगली जानवरों से निजात मिलेगी और उनके उत्पादन और आय में वृद्धि होगी। विकासखण्ड रामनगर और हल्द्वानी में घेरबाड हेतु आंकड़ें शून्य रहते है, क्योंकि उक्त विकासखण्डों का अधिकांश भाग मैदानी क्षेत्र में आता है।

वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य वर्मी कम्पोस्ट यूनिट निर्माण का विकासखण्डवार तुलनात्मक विवरण



विगत चार वर्षों के लिए विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि वर्मी कम्पोस्ट यूनिट निर्माण में जनपद का विकासखण्ड बेतालघाट द्वारा सबसे कम 01% तथा विकासखण्ड ओखलकाण्डा द्वारा 34% का योगदान किया जाता है, जबकि विकासखण्ड कोटाबाग हेतु उक्त आंकड़ें शून्य रहते है। विभाग को चाहिए कि इस मद में प्राप्त हो रही धनराशि को विकास विभाग की मनरेगा योजना से युगपतिकरण करते हुए कार्ययोजना तैयार करे, जिससे विभाग अधिक से अधिक कृषकों को वर्मी कम्पोस्ट यूनिट निर्माण से लाभान्वित करने में सफल होगा।

प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना:– विभाग द्वारा इस योजना के तहत टपक सिचाई, मिनी स्प्रींकलर, माइक्रो स्प्रींकलर और रैनगर जैसे कार्यक्रम सम्पादित किये जा रहे हैं जिनके आंकड़ों का विश्लेषण निम्नवतरूप से है :–

(1) **टपक सिचाई :–** विगत चार वर्षों हेतु टपक सिंचाई के लिए प्राप्त आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि टपक सिंचाई का प्रचलन सबसे अधिक विकासखण्ड बेतालघाट में हुआ है जबकि विकासखण्ड कोटाबाग में अपेक्षाकृत बहुत कम दिखाई देता है। रामनगर विकासखण्ड द्वारा अन्य विकासखण्डों की अपेक्षा कम लागत में अधिक क्षेत्रफल को टपक सिंचाई से आच्छादित किया गया। आंकड़ों को निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में दर्शाया गया है।

प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना के अन्तर्गत टपक सिंचाई का वर्षवार/विकासखण्डवार भौतिक एवं वित्तीय विवरण									
क्र0 स0	वर्ष/विकासखण्ड	भौतिक प्रगति (इकाई हेक्टेयर में)				वित्तीय प्रगति (लाख में)			
		2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20
1	ओखलकाण्डा	7.20	4.20	0.80	0.80	1.83	1.45	0.30	0.35
2	बेतालघाट	2.20	16.00	27.40	0.00	0.70	4.93	8.97	0.00

3	भीमताल	0.00	0.40	2.80	1.20	0.00	0.15	2.16	0.61
4	कोटाबाग	0.00	0.00	0.00	2.20	0.00	0.00	0.00	1.31
5	रामनगर	5.00	0.00	1.80	0.40	1.20	0.00	1.19	0.37
6	रामगढ़	22.20	4.40	0.80	7.60	4.76	1.19	0.30	2.82
7	हल्द्वानी	0.00	0.00	6.00	0.00	0.00	0.00	2.76	0.00
8	धारी	3.00	2.00	0.60	0.00	1.00	0.75	0.55	0.00
योग		**39.60**	**27.00**	**40.20**	**12.20**	**9.49**	**8.47**	**16.23**	**5.46**



(2) **मिनी स्प्रींकलर सिचाई** :–मिनी स्प्रींकलर सिचाई हेतु विगत चार वर्षों के आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि जनपद के विकासखण्ड बेतालघाट, भीमताल और हल्द्वानी के लिए उल्लिखित सिंचाई मद में जहाँ आंकड़ें शून्य रहे वहीं विकासखण्ड कोटाबाग और रामनगर में अपेक्षाकृत कम रहे। विकासखण्ड ओखलकाण्डा द्वारा अन्य विकासखण्डों की अपेक्षा अधिक लागत में कम क्षेत्रफल को आच्छाादित किया गया। आंकड़ों को निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किया गया है।

प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना के अन्तर्गत मिनी स्प्रींकलर सिंचाई का वर्षवार/विकासखण्डवार भौतिक एवं वित्तीय विवरण									
क्र0 स0	वर्ष/विकासखण्ड	भौतिक प्रगति (इकाई हेक्टेयर में)				वित्तीय प्रगति (लाख में)			
		2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20
1	ओखलकाण्डा	4.40	0.40	2.00	8.40	2.84	0.28	1.42	6.25
4	कोटाबाग	0.00	0.00	0.40	0.00	0.00	0.00	0.28	0.00
5	रामनगर	0.80	0.00	0.40	0.40	0.51	0.00	0.28	0.28
6	रामगढ़	6.40	3.60	7.60	3.60	4.20	2.83	5.37	2.56
8	धारी	0.40	4.40	8.80	3.20	0.28	3.12	6.26	2.27
योग		12.00	8.40	19.20	15.60	7.83	6.23	13.61	11.36



(3) **माइक्रो स्प्रींकलर सिचाई** :–विभाग की माइक्रो स्प्रींकलर सिचाई हेतु पिछले चार वर्षों के आंकड़ों से ज्ञात होता है कि विकासखण्ड रामनगर और हल्द्वानी के लिए उल्लिखित सिंचाई मद में जहाँ आंकड़ें शून्य रहे वहीं विकासखण्ड भीमताल और कोटाबाग में अपेक्षाकृत कम रहे। आंकड़ों को निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किया गया है।

प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना के अन्तर्गत माइको स्प्रींकलर सिंचाई का वर्षवार/विकासखण्डवार भौतिक एवं वित्तीय विवरण

क्र0 स0	वर्ष/विकासखण्ड	भौतिक प्रगति (इकाई हेक्टेयर में)				वित्तीय प्रगति (लाख में)			
		2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20
1	ओखलकाण्डा	5.20	6.80	6.80	9.60	2.30	2.96	3.80	4.68
2	बेतालघाट	0.00	4.40	12.00	0.00	0.00	2.87	6.10	0.00
3	भीमताल	0.00	0.40	0.20	0.40	0.00	0.20	0.10	0.15
4	कोटाबाग	0.00	0.00	0.00	2.00	0.00	0.00	0.00	1.02
6	रामगढ़	4.00	3.20	0.40	4.80	1.76	1.63	0.20	2.44
8	धारी	4.40	6.80	16.40	0.00	2.24	3.46	8.35	0.00
योग		**13.60**	**21.60**	**35.80**	**16.80**	**6.30**	**11.12**	**18.55**	**8.29**



प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना के अन्तर्गत सिचाई हेतु सम्मिलित मदों में विकासखण्ड हल्द्वानी, भीमताल, रामनगर और कोटाबाग के आंकडें अन्य विकासखण्डों की अपेक्षा शून्य होने के साथ–साथ बहुत न्यून भी हैं। विभाग को चाहिए जनपद के पर्वतीय क्षेत्र हों या मैदानी क्षेत्र टपक सिंचाई, मिनी स्प्रींकलर सिंचाई, माइक्रो स्प्रींकलर सिंचाई, पोर्टेबल स्प्रींकलर सिंचाई का प्रचलन अधिक किये जाने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए आगामी कार्ययोजना तैयार करे, क्योंकि इन प्रक्रियाओं से कम पानी में भी अधिक क्षेत्रफल की सिंचाई सम्भव हो सकेगी और कृषकों का उत्पादन बढ़ने के साथ–साथ समय की भी बचत होगी।

भेषज विकास इकाई, नैनीताल उद्यान विभाग

जिला भेषज समन्वयक, भेषज विकास इकाई, नैनीताल के माध्यम से विगत चार वर्षों के मध्य संचालित कार्यक्रमों के तहत जनपद के अन्तर्गत तेजपात, आंवला, बड़ी इलाइची तथा रीठे का रोपण तथा उत्पादन करते हुए जनपद के ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया जिनके लिए भेषज विकास इकाई नैनीताल द्वारा इन चार वर्षों के दौरान कुल 11 जड़ी–बूटी प्रशिक्षण कैम्पो के माध्यम से 609 परिवारों को प्रशिक्षित भी किया गया।

जनपद में भेषज इकाई द्वारा कुल 06%का परिव्यय तो किया जाता है किन्तु व्यय के सापेक्ष 94% शुद्ध आय भी प्राप्त की जाती है, जो कि इस क्षेत्र में रोजगार के असीम पायदान होने के संकेत प्रदान करता है। जनपद में विगत चार सालों के मध्य कुल 9602.00 कु0 जड़ी–बूटी का उत्पादन किया गया जिसका रामनगर और हल्द्वानी में ही आसानी से विपणन हो जाता है। वर्षवार आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में दर्शाया गया है।

जिला भेषज समन्वयक, भेषज विकास इकाई, नैनीताल द्वारा संचालित कार्यक्रमों का विगत चार सालों का विवरण

वर्ष	भेषज विकास इकाई, उद्यान विभाग, नैनीताल द्वारा संचालित कार्यक्रम		उत्पादन/संख्या (उत्पादन किग्रा/संख्या इकाई में)	लाभान्वित परिवार	कुल व्यय/कुल आय धनराशि रूपये में
2016-17	पौधा रोपण	तेजपात	15500	700	155000.00
		आंवला	1500	118	15000.00
	जड़ी–बूटी प्रशिक्षण कैंप		1	75	9500.00
	कुल व्यय		**NA**	**NA**	**179500.00**
	नाप भूमि जड़ी–बूटी उत्पादन (तेजपात) से कुल आय		222800	110	**11140000.00**
2017-18	पौधा रोपण	तेजपात	18100	794	181000.00
		आंवला	100	210	1000.00
	जड़ी–बूटी प्रशिक्षण कैंप		2	108	21000.00
	कुल व्यय		**NA**	**NA**	**203000.00**
	नाप भूमि जड़ी–बूटी उत्पादन (तेजपात) से कुल आय		248550	118	**12427500.00**

2018-19	पौधा रोपण	तेजपात	17115	448	171150.00
		बड़ी इलाइची	8250	106	82500.00
	जड़ी–बूटी प्रशिक्षण कैंप		4	217	48000.00
	कुल व्यय		**NA**	**NA**	**301650.00**
	नाप भूमि जड़ी–बूटी उत्पादन (तेजपात) से कुल आय		220900	137	11045000.00
	नाप भूमि जड़ी–बूटी उत्पादन (रीठा) से कुल आय		1200	2	60000.00
	कुल आय		**NA**	**NA**	**11406650.00**
2019-20	पौधा रोपण	तेजपात	199870	576	1998700.00
		बड़ी इलाइची	10000	108	100000.00
	जड़ी–बूटी प्रशिक्षण कैंप		4	209	48000.00
	कुल व्यय		**NA**	**NA**	**2146700.00**
	नाप भूमि जड़ी–बूटी उत्पादन (तेजपात) से कुल आय		266750	169	**13337500.00**
विगत चार वर्षों के मध्य आय व्यय				कुल व्यय	**2830850.00**
				कुल आय	**48311650.00**

भेषज विकास इकाई, नैनीताल के द्वारा विगत चार वर्षों के दौरान कुले आय व्यय का विवरण



कृषि विभाग

कृषि विभाग द्वारा विगत चार वर्षों के दौरान जिला योजना, राज्य पोषित योजना और केन्द्र पोषित योजनाओ के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों को सम्पादन किया जा रहा है जिनका विश्लेषण निम्नवतरूप से है:–

जिला योजना :–जिला योजनान्तर्गत विगत चार वर्षों के मध्य विभाग द्वारा कुल रूपये 5.35 लाख का परिव्यय करते हुए मात्र 107 कृषक महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया जो कि बहुत न्यून आंकड़ा है, जबकि वर्तमान में पर्वतीय क्षेत्रों में खेती महिलाओं पर निर्भर है। विभाग को धरातल पर नवीनतम कृषि यंत्रों, उपकरणों और वैज्ञानिक विधियों की नवीनतम जानकारी देने का प्राविधान करना चाहिए।

जनपद नैनीताल में पिछले चार वर्षों के मध्य मृदा एवं जल संरक्षण के आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि इस मद में विभाग द्वारा कुल रूपये 89.48 लाख का परिव्यय करते हुए 636 हैक्टेयर क्षेत्रफल में कार्य करवाया गया, जिसके लिए पिछले चार वर्षों में हर वर्ष विचलन देखने को मिलता है। उक्त मद जनपद नैनीताल में ही नहीं बल्कि पर्वतीय जनपदों में कृषि उत्पादन के लिए संजीवनी की तरह काम करेगा।

कृषि उत्पादन को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से बीज मिनिकिट कार्यक्रम की शुरूवात की गयी थी जिसके लिए नैनीताल जनपद द्वारा कुल रूपये 3.80 लाख का परिव्यय करते हुए मात्र 1152 बीज मिनिकिटों का आंवटन वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य किया गया जिसका प्रदर्शन जनपद में अच्छा रहा। विभाग की उक्त योजना को पुनः बल देने की आवश्यकता है। जिला योजना के आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किये गये हैं।

जिला सैक्टर के अन्तर्गत सम्पादित कार्यक्रमों का वर्षवार विवरण

मद का नाम	इकाई	2016.17		2017.18		2018.19		2019.20	
		भौतिक पूर्ति	वित्तीय पूर्ति	भौतिक पूर्ति	वित्तीय पूर्ति	भौतिक पूर्ति	वित्तीय पूर्ति	भौतिक पूर्ति	वित्तीय पूर्ति
महिला कृषक प्रशिक्षण	सं0	19	1.10	44	2.05	44	2.20	0	0.00
कृषि यंत्रीकरण हेतु 80% मेचिंग ग्रांट	सं0	0	0.00	0	0.00	0	0.00	24	4.00
मृदा एवं जल संरक्षण	है0	99	25.23	285	26.45	85	12.80	167	25.00
कृषि रक्षा रसायन	है0	2816	15.00	2000	9.88	4000	20.00	3200	16.00
बीज मिनिकिट	सं0	352	1.00	800	2.80	0.00	0.00	0.00	0.00

जिला योजनान्तर्गत मृदा एवं जल संरक्षण (इकाई है0 में) मद का वर्षवार तुलनात्मक विवरण



राज्य पोषित :–विभाग द्वारा राज्य योजना की स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लानान्तर्गत विगत चार वर्षों के दौरान कुल रूपये 141.84 लाख की धनराशि का परिव्यय करते हुए मृदा एवं जल संरक्षण के लिए 253है0, कृषि रक्षा रसायन हेतु 249 है0, सूक्ष्म पोषक तत्व हेतु 200 है0, कृषि यंत्र वितरण 576, सिचाई टैंक/छत वर्षा टैंक 47, सिचाई गूल निर्माण 1435 मी0, कृषि प्रशिक्षण 12, बीज मिनिकिट 580, पौध सुरक्षा कार्यक्रम 125 है0 तथा फल पौध वितरण 3.7है0 का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

राज्य योजना की स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लानान्तर्गत वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य सम्पादित किये गये कार्यक्रमों का वर्षवार विवरण

मद का नाम	इकाई	2016–17		2017–18		2018–19		2019–20		विगत वर्षों का योग	
		भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति
मृदा एवं जल संरक्षण	है0	65	30.00	71	26.84	88	15.00	29	70.00	253	141.84
कृषि रक्षा रसायन	है0	130		44		75		0		249	
सूक्ष्म पोषक तत्व	है0	200		0		0		0		200	
कृषि यंत्र वितरण	सं0	195		157		19		205		576	
सिचाई टैंक/छत वर्षा टैंक	सं0	10		13		8		16		47	
सिचाई गूल निर्माण	मी0	385		0		100		950		1435	
कृषि प्रशिक्षण	सं0	5		5		2		0		12	
बीज मिनिकिट	सं0	0		230		120		230		580	
पौध सुरक्षा कार्यक्रम	है0	0		0		0		125		125	
फल पौध वितरण	है0	0		0		0		3.7		3.7	







केन्द्र पोषित :–विभाग द्वारा केन्द्र पोषित योजना की जैविक कृषि कार्यक्रम के अन्तर्गत विगत चार वर्षों के दौरान कुल रूपये 75.06 लाख की धनराशि का परिव्यय करते हुए वर्मी पिट 567, नैडेप 255, बम्बू नैपेड 20, ग्राम स्तरीय प्रशिक्षण 37, कृषकों का अनावरण भ्रमण 437 तथा जैव उर्वरक वितरण हेतु 535 का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

केन्द्रपोषित योजना की जैविक कृषि कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य सम्पादित मदों का वर्षवार विवरण

मद का नाम	इकाई	2016–17		2017–18		2018–19		2019–20		विगत वर्षों का योग	
		भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति
वर्मी पिट	सं0	146	19.55	121	21.33	200	15.22	100	18.96	567	75.06
नैडेप	सं0	66		27		110		52		255	
बम्बू नैपेड	सं0	20		0		0		0		20	
ग्राम स्तरीय प्रशिक्षण	सं0	0		12		15		10		37	
कृषकों का अनावरण भ्रमण	सं0	0		7		340		90		437	
जैव उर्वरक वितरण	किग्रा/ लीटर	0		0		310		225		535	







राष्ट्रीय कृषि विकास योजना :–जनपद नैनीताल में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य कृषि विभाग द्वारा कुल रूपये 666.95 लाख का परिव्यय करते हुए जनपद के विकासखण्डों में घेरबाड निर्माण हेतु कुल 29315मी0, दैवीय आपदा मद में 841 है0, कृषि यंत्रीकरण के लिए 1593 यंत्र, बहुद्देशीय जल सम्भरण टैंक निर्माण में 55, कृषक महोत्सव हेतु 89 और बोरान परीक्षण कार्यक्रम हेतु 25 लक्ष्यों को प्राप्त किया गया है।

पर्वतीय बीज उत्पादन कार्यक्रम :–पर्वतीय बीज उत्पादन कार्यक्रम के लिए विभाग द्वारा विगत वर्ष 2018–19 से वर्ष 2019–20 के मध्य कुल रूपये 35.71 लाख का परिव्यय करते हुए जनपद के लिए कुल 833.73 कुन्तल बीज उत्पादन किया गया, जो कि उत्तराखण्ड राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों के लिए उचित योजना संचालित की गई है, जिसका भविष्य में भी लगातार अनुसंधान करते हुए अधिक उत्पादन देने वाले बीज तैयार किये जाने चाहिए। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

केन्द्रपोषित योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य सम्पादित मदों का वर्षवार विवरण											
मद का नाम	इकाई	2016–17		2017–18		2018–19		2019–20		विगत वर्षों का योग	
		भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति
घेरबाड	मी0	1567	29.84	5056	36.58	11240	97.66	11452	77.28	29315	241.36
देवीय आपदा	है0	444	114.98	397	46.11	0	0.00	0	0.00	841	161.09
कृषि यंत्रीकरण	सं0	1110	21.25	449	55.79	34	9.38	0	0.00	1593	86.42
बहुद्देशीय जल सम्भरण टैंक	सं0	6	39.87	46	61.39	0	45.13	3	13.50	55	159.89
कृषक महोत्सव	सं0	45	5.70	44	5.50	0	0.00	0	0.00	89	11.20
बोरान परीक्षण	सं0	0	6.99	25	0.00	0	0.00	0	0.00	25	6.99

केन्द्रपोषित योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य घेरबाड निर्माण का वर्षवार तुलनात्मक प्रतिशत विवरण



केन्द्रपोषित योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य कृषि यंत्रीकरण का वर्षवार तुलनात्मक प्रतिशत विवरण







राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन :–विभाग द्वारा केन्द्र पोषित योजना की राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अन्तर्गत पिछले चार वर्षों के दौरान कुल रूपये 368.36 लाख की धनराशि का परिव्यय करते हुए कलस्टर प्रदर्शन हेतु 1838है0, क्रोपिंग सिस्टम बेस्ड प्रदर्शन में 266है0, बीज वितरण के लिए 3311कु0, पादप तथा मृदा प्रबन्धन में 10209है0, रिसोर्स कन्जरवेशन तकनीकी में 294, जल सम्भरण हेतु पाईप वितरण 18202मी0 तथा पम्प सैट वितरण के लिए 03का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

केन्द्रपोषित योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन हेतु वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य सम्पादित मदों का वर्षवार विवरण											
मद का नाम	इकाई	2016–17		2017–18		2018–19		2019–20		विगत वर्षों का योग	
		भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति
1.कलस्टर प्रदर्शन	है0	675	74.15	260	59.52	453	140.07	450	94.62	1838	368.36
2.क्रोपिंग सिस्टम बेस्ड प्रदर्शन	है0	20		90		96		60		266	
3.बीज वितरण	कु0	778		883		1100		550		3311	
4.पादप तथा मृदा प्रबन्धन	है0	2361		600		6045		1203		10209	
5.रिसोर्स कन्जरवेशन तकनीकी	सं0	95		0		199		0		294	
6.जल सम्भरण हेतु पाईप वितरण	मी0	7300		2100		3795		5007		18202	
7. पम्प सैट वितरण	सं0	2		1		0		0		3	







बीज ग्राम योजना (केन्द्रपोषित) :–उल्लेखित योजना **बीज ग्राम योजना (केन्द्रपोषित)** के अन्तर्गत पिछले चार वर्षों के दौरान कुल रूपये 107.9 लाख की धनराशि का परिव्यय करते हुए बीज वितरण हेतु 4531.6 कु0 बीज तथा 71 बीज ग्राम प्रशिक्षण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

बीज ग्राम योजना (केन्द्रपोषित) हेतु वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य सम्पादित मदों का वर्षवार विवरण											
मद का नाम	इकाई	2016–17		2017–18		2018–19		2019–20		विगत वर्षों का योग	
		भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति
बीज वितरण	कु0	1759	23.98	1807	38.52	278	10.53	687.60	34.91	4531.6	107.9
बुखारी वितरण	सं0	0		0		0.00		0		0	
प्रशिक्षण	सं0	4		25		17		25		71	





NMSA-PKVY (परम्परागत कृषि विकास योजना) एवं NMSA- Soil Health card हेतु वर्षवार विवरण											
मद का नाम	इकाई	2016–17		2017–18		2018–19		2019–20		विगत वर्षों का योग	
		भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति	भौतिक प्रगति	वित्तीय प्रगति
NMSA-PKVY (परम्परागत कृषि विकास योजना)	कलस्टर सं0	15	25.29	15	88.20	197	330.66	197	320.21	424	764.36
NMSA- Soil Health card	सं0	5410	2.46	4448	16.32	47555	15.77	358	7.89	57771	42.44

विभाग द्वारा जिला योजना, राज्य पोषित योजना तथा केन्द्रपोषित योजनाओं हेतु प्राप्त आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि विगत वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य लक्ष्य प्राप्ति में अधिक मात्रा से विचलन देखने को मिलता है जो पर्वतीय क्षेत्रों से हो रहे पलायन की पुष्टि करता है।

विभाग द्वारा जहाँ विगत इन वर्षों के दौरान कुल रूपये 5707.64 लाख की धनराशि का परिव्यय करते हुए जिला योजना, राज्य पोषित योजना तथा केन्द्रपोषित योजनाओं के अन्तर्गत विभिन्न मदों में लगभग 44 से 49 कार्यक्रम संचालित किये गये वही जनपद के पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि के प्रति रूचि में कमी देखी गयी जबकि विभाग के बजट में वृद्धि हुई। जिसका विवरण निम्नवत ग्राफ में दर्शाया गया है।



विभाग की सभी योजनाएं कृषि उत्थान के लिए उचित हैं किन्तु कृषकों को पूर्ण वैज्ञानिक एवं नई तकनीकी जानकारी, अनुश्रवण एवं सर्वेक्षण के बिना कार्यक्रमों का सफल होना सम्भव नहीं है। विभाग को अपनी कार्यशैली में बदलाव लाते हुए कृषकों की उन्नति के साथ जनपद की सामाजिक–आर्थिक विकास को सुदृढ़ करने एवं पलायन पर अंकुश लगाने में सहयोग प्रदान करना चाहिए।

खरीफ फसल :–जनपद नैनीताल में विगत चार वर्षों के लिए खरीफ की फसल हेतु विभाग से प्राप्त आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि जनपद में मण्डुवा, सावां, रामदाना, अन्य धान्य, गहत, तोर/अरहर, राजमा, सोयाबीन, तथा कुल तिलहन आदि फसलों के क्षेत्रफल, उत्पादन एवं उत्पादकता में गिरावट देखी गई, साथ ही मूंगफली की फसल के लिए उत्पादन और उत्पादकता में कमी हुई अर्थात कृषकों द्वारा उन्नत किस्म के नये प्रमाणित बीज उपयोग में नहीं लाये जा रहे है या उनको उपलब्ध नहीं करवाये जा रहें है, या बीजों की प्रमाणिकता में कमी है। विभाग को इस ओर ध्यान केन्द्रित करते हुए कृषकों को उन्नत किस्म के प्रमाणित बीज उपलब्ध करवाने की आगामी कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में कृषकों को कम क्षेत्रफल पर ही अधिक उत्पादन प्राप्त हो सके और पलायन पर अंकुश लगाने में सहयोग प्राप्त हो सके क्योंकि उत्पादन में वृद्धि होने से आय में भी बढोत्तरी होगी, जिससे कृषकों में खेती करने की और रूचि भी बढेगी। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिकाओं में प्रदर्शित किया गया है।

मुख्य फसलों के क्षेत्रफल, उत्पादन एवं उत्पादकता के आंकड़े													
क्षेत्रफल-हेक्टेयर में,उत्पादन-मीट्रिक टन में,उत्पादकता-कुन्तल प्रति हेक्टेयर में													
क्र.सं.	वर्ष	चावल (खरीफ)			मक्का (खरीफ)			मण्डुवा			सावां		
		क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	2016–17	10829	30339	28	3430	4575	13	2264	3348	15	719	1057	15
2	2017–18	10925	37424	34.26	3384	4484	13.25	1903	3111	16.35	211	308	14.6
3	2018–19	10974	35157	32.04	3107	4117	13.25	1294	1517	11.72	230	276	12
4	2019–20	10893	36086	33.13	3785	5072	13.4	1999	2874	14.38	199	228	11.46
वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य बदलाव		**64**	**5747**	**5.13**	**355**	**497**	**0.4**	**-265**	**-474**	**-0.62**	**-520**	**-829**	**-3.54**

क्र.सं.	वर्ष	रामदाना			अन्य धान्य			कुल धान्य (खरीफ)			उर्द (खरीफ)		
		क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	2016–17	5	3	6	2	1	5	17249	39323	23	1338	958	7
2	2017–18	6	4	6.67	0	0	0	16429	45331	27.59	1297	941	7.26
3	2018–19	11	7	6.36	0	0	0	15616	41074	26.3	1634	1816	11.11
4	2019–20	0	0	0	0	0	0	16876	44260	26.23	1809	2098	11.6
वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य बदलाव		**-5**	**-3**	**-6**	**-2**	**-1**	**-5**	**-373**	**4937**	**3**	**471**	**1140**	**5**

क्र.सं.	वर्ष	गहत/कुल्थी			तोर/अरहर			राजमा			भट्ट		
		क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	2016–17	772	720	9	6	3	5	98	118	12	328	297	9
2	2017–18	878	922	10.5	0	0	0	66	80	12.12	375	341	9.09
3	2018–19	821	739	9	1	1	10	185	223	12.05	364	332	9.12
4	2019–20	688	681	9.9	2	1	5	137	147	10.73	298	379	12.72
वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य बदलाव		**-84**	**-39**	**0.9**	**-4**	**-2**	**0**	**-48**	**-76**	**-1.32**	**-30**	**82**	**3.72**

क्र.सं.	वर्ष	अन्य दालें (खरीफ)			कुलदालें (खरीफ)			कुल खाद्यान (खरीफ)			मूंगफली		
		क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	2016–17	470	235	5	3012	2331	8	20261	41654	21	0	0	0
2	2017–18	81	41	5.1	2710	2332	8.61	19139	47663	24.9	109	150	13.76
3	2018–19	496	254	5.12	3501	3365	9.61	19117	44439	23.25	120	125	10.42
4	2019–20	399	247	6.19	3333	3553	10.66	20209	47813	23.66	0	0	0
वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य बदलाव		**-71**	**12**	**1.19**	**321**	**1222**	**2.66**	**-52**	**6159**	**2.66**	**11**	**-25**	**-3.34**

क्र.सं.	वर्ष	तिल			सोयाबीन			अन्य तिलहन (खरीफ)			कुलतिलहन (खरीफ)		
		क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	2016–17	13	1	1	6146	8389	14	31	22	7	6190	8412	13.59
2	2017–18	15	2	1.33	5780	8063	13.95	0	0	0	5904	8215	13.91
3	2018–19	23	3	1.3	4957	5329	10.75	1	1	10	5101	5458	10.7
4	2019–20	27	3	1.11	4087	4210	10.3	50	33	6.6	4164	4246	10.2
वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य बदलाव		14	2	0.11	-2059	-4179	-3.7	19	11	-0.4	-2026	-4166	-3.39

रबी फसल :–विगत चार वर्षों के लिए रबी की फसल हेतु विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि जहाँ एक ओर मटर तथा अन्य दाल आदि फसलों के क्षेत्रफल, उत्पादन एवं उत्पादकता में गिरावट देखी गई, वहीं दूसरी ओर चावल, चना, आदि फसलों के लिए उत्पादन और उत्पादकता में कमी हुई, अर्थात जहाँ क्षेत्रफल में वृद्धि होती है वहीं उत्पादन और उत्पादकता में कमी आना, उपयोग में लाये गये बीज की उन्नत प्रमाणिकता की ओर संदेह उत्पन्न करता है। विभाग को इस ओर ध्यान की आवश्यकता है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिकाओं में दर्शाया गया है।

रबी फसल वर्ष													
मुख्य फसलों के क्षेत्रफल, उत्पादन एवं उत्पादकता के आंकड़े													
क्षेत्रफल–हेक्टेयर में, उत्पादन–मीट्रिक टन में, उत्पादकता–कुन्तल प्रति हेक्टेयर में													
क्र.सं.	वर्ष	गेहूं			जौ			अन्य धान्य (रबी)			कुल धान्य (रबी)		
		क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	2016–17	22473	62566	27.841	542	742	13.69	0	0	0	23015	63308	27.507
2	2017–18	21288	63942	30.037	613	882	14.388	0	0	0	21901	64824	29.599
3	2018–19	21830	76483	35.04	951	1323	13.91	0	0	0	22781	77806	34.15
4	2019–20	19706	78215	39.69	852	1464	17.18	0	0	0	20558	79679	38.76
वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य बदलाव		-2767	15649	11.849	310	722	3.49	0	0	0	-2457	16371	11.253

क्र.सं.	वर्ष	चना			मटर			मसूर			अन्य दालें (रबी)		
		क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	2016–17	397	353	8.89	291	251	8.625	303	225	7.426	0	0	0
2	2017–18	435	387	8.897	54	47	8.704	288	214	7.431	7	6	8.571
3	2018–19	393	349	8.88	200	173	8.65	297	221	7.44	0	0	0
4	2019–20	583	466	7.99	171	118	6.9	289	354	12.25	2	1	5
वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य बदलाव		186	113	-0.9	-120	-133	-1.725	-14	129	4.824	-5	-5	-3.571

क्र.सं	वर्ष	कुलदाले (रबी)			कुल खाद्यान्न (रबी)			लाही/सरसों/तोरिया			अलसी		
		क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	2016–17	991	829	8.365	24006	64137	26.717	230	218	9.478	0	0	0
2	2017–18	784	654	8.342	22685	65478	28.864	157	165	10.51	0	0	0
3	2018–19	890	743	8.35	23671	78549	33.18	186	213	11.45	0	0	0
4	2019–20	1045	939	8.99	21603	80618	37.32	397	435	10.96	0	0	0
वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य बदलाव		54	110	0.625	-2403	16481	10.603	167	217	1.482	0	0	0

क्र.सं	वर्ष	अन्य रबी तिलहन			रबी तिलहन योग			चावल (जायद)			मक्का (जायद)		
		क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	2016–17	0	0	0	230	218	9.478	151	571	37.81	0	0	0
2	2017–18	0	0	0	157	165	10.51	158	562	35.56	0	0	0
3	2018–19	0	0	0	186	213	11.45	167	549	32.87	2	3	15
4	2019–20	0	0	0	397	435	10.96	156	556	35.64	2	3	15
वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य बदलाव		0	0	0	167	217	1.482	5	-15	-2.17	2	3	15

उत्तराखण्ड के गांवों से हो रहे पलायन को रोकने हेतु हमें ग्रामीणों व युवाओं का रूझान स्वरोजगार की ओर लाना पडेगा इसके लिए हमें मुख्य रूप कृषि विभाग को सशक्त करने की आवश्यकता है। यह देखा गया है कि कृषि विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को नयी तकनीकी ज्ञान की कमी पाई गई है जिसका परिणाम किसानों को भी भुगतना पड़ता है। विभाग को कार्यरत कर्मचारियों को भी समय–समय पर कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा एडवांस तकनीकी व प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिये जाने का प्राविधान किया जाना उचित होगा जिससे जनपद में विकास के नए आयाम स्थापित हो सकेंगे।

मत्स्य विभाग

मत्स्य विभाग द्वारा वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य जनपद में राज्य पोषित योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति उपयोजना, पर्वतीय क्षेत्रों में मत्स्य तालाब निर्माण, पर्वतीय क्षेत्रों में आदर्श तालाब निर्माण, केन्द्र पोषित योजना में नील क्रांन्ति योजना तथा जिला योजनान्तर्गत मत्स्य उत्पादकता वृद्धि योजना जैसी योजनाओं का सम्पादन किया जा रहा है। सम्पादित योजनाओं हेतु प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण निम्नवत हैः–

अनुसूचित जाति उपयोजना :– विभाग की इस योजना हेतु प्राप्त आंकड़ों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि जनपद के बेतालघाट, धारी, हल्द्वानी, रामनगर, कोटाबाग तथा रामगढ विकासखण्डों में अनुसूचित जाति उपयोजना के आंकड़ें बहुत ही न्यून हैं, साथ ही ओखलकाण्डा और भीमताल में भी अपेक्षाकृत आंकड़ें कम ही हैं। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किया गया है।

राज्य योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उपयोजना का विकासखण्डवार एवं वर्षवार विवरण										विगत वर्षों के मध्य का योग	
क0सं0	विकासखण्ड का नाम	वित्तीय				भौतिक				वित्तीय	भौतिक
		2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20		
1	बेतालघाट	0	0	0	1.44	0	0	0	2	1.44	**2**
2	धारी	0	0	0.72	0.72	0	0	1	1	1.44	**2**
3	हल्द्वानी	1.26	0	0	0	3	0	0	0	1.26	**3**
4	रामनगर	1.26	0	0	0.72	3	0	0	1	1.98	**4**
5	कोटाबाग	0	0	1.14	2.69	0	0	2	4	3.83	**6**
6	रामगढ़	1.68	0.72	0	0	4	1	0	0	2.40	**5**
7	ओखलकांडा	1.68	1.44	2.69	4.02	4	2	4	6	9.83	**16**
8	भीमताल	2.94	2.16	1.44	4.02	7	3	2	6	10.56	**18**
योग		**8.82**	**4.32**	**5.99**	**13.61**	**21**	**6**	**9**	**20**	**32.74**	**44.92**



विभाग की पर्वतीय क्षेत्रों में मत्स्य तालाब निर्माण, पर्वतीय क्षेत्रों में आदर्श तालाब निर्माण, केन्द्र पोषित योजना में नील क्रान्ति योजना तथा जिला योजनान्तर्गत मत्स्य उत्पादकता वृद्धि योजना के आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि विभाग जनपद के सामाजिक–आर्थिक विकास को सुदृढ़ करने के लिए एवं पलायन पर अंकुश लगाने के लिए कितना संवेदनशील है क्योंकि जनपद के प्रत्येक विकासखण्ड इन योजनाओं से वंचित हैं एवं प्रगति भी न के बराबर है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिकाओं में दर्शाया गया है।

राज्य योजना के अन्तर्गत पर्वतीय क्षेत्रों में मत्स्य तालाब निर्माण का विकासखण्डवार एवं वर्षवार विवरण										विगत पिछले 4 वर्षों का योग	
क्र0सं0	विकास खण्ड का नाम	वित्तीय				भौतिक					
		2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	वित्तीय	भौतिक
1	रामगढ	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**0**
2	बेतालघाट	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**0**
3	हल्द्वानी	0.5	0.25	0	0	2	1	0	0	0.75	**3**
4	धारी	0	0	1.25	0.25	0	0	5	1	1.5	**6**
5	रामनगर	0	0	1	0.75	0	0	4	3	1.75	**7**
6	ओखलकांडा	0.5	1.5	0	0.75	2	6	0	3	2.75	**11**
7	कोटाबाग	0	1	1	0.75	0	4	4	3	2.75	**11**
8	भीमताल	2	0.5	0.75	1.25	8	2	3	5	4.5	**18**
योग		**3**	**3.25**	**4**	**3.75**	**12**	**13**	**16**	**15**	**14**	**56**

राज्य योजना के अन्तर्गत पर्वतीय क्षेत्रों में आर्दश तालाब निर्माण का विकासखण्डवार एवं वर्षवार विवरण										विगत पिछले 4 वर्षों का योग	
क्र0सं0	विकास खण्ड का नाम	वित्तीय				भौतिक					
		2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	वित्तीय	भौतिक
1	धारी	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**0**
2	रामगढ	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**0**
3	हल्द्वानी	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**0**
4	भीमताल	0	0	1.5	1.5	0	0	0	1	3	**1**
5	रामनगर	1.5	0	0	0	1	0	0	0	1.5	**1**
6	बेतालघाट	0	0	1.5	0	0	0	1	0	1.5	**1**
7	कोटाबाग	0	0	1.5	1.5	0	0	1	1	3	**2**
8	ओखलकांडा	1.5	1.5	0	1.5	1	1	0	1	4.5	**3**
योग		**3**	**1.5**	**4.5**	**4.5**	**2**	**1**	**2**	**3**	**13.5**	**8**

केन्द्र पोषित योजनान्तर्गत नील कांन्ति योजना का विकासखण्डवार एवं वर्षवार विवरण										विगत पिछले 4 वर्षों का योग	
क्र0सं0	विकास खण्ड का नाम	वित्तीय				भौतिक					
		2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	वित्तीय	भौतिक
1	धारी	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**0**
2	हल्द्वानी	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**0**
3	रामगढ	0	0	0	0.4	0	0	0	1	0.4	**1**
4	रामनगर	0.9	0	0	0	1	0	0	0	0.9	**1**
5	बेतालघाट	0	0	0	0.8	0	0	0	2	0.8	**2**
6	भीमताल	1.8	0	0	1	2	0	0	2	2.8	**4**
7	कोटाबाग	0	0	0	1.8	0	0	0	4	1.8	**4**
8	ओखलकांडा	3.6	0	0	1	4	0	0	2	4.6	**6**
योग		**6.3**	**0**	**0**	**5**	**7**	**0**	**0**	**11**	**11.3**	**18**

जिला योजना के अन्तर्गत मत्स्य उत्पादकता वृद्धि योजना का विकासखण्डवार एवं वर्षवार विवरण										विगत वर्षो के मध्य का योग	
क0सं0	विकासखण्ड का नाम	वित्तीय				भौतिक				वित्तीय	भौतिक
		2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20		
1	धारी	0	0	0	0	0	0	0	0	0.00	0
2	हल्द्वानी	0	0	0	0	0	0	0	0	0.00	0
3	रामनगर	0	0	0	0	0	0	0	0	0.00	0
4	बेतालघाट	0	0	0.2	0	0	0	1	0	0.20	1
5	ओखलकांडा	0	0	0	0.2	0	0	0	1	0.20	1
6	कोटाबाग	0	0	0	0.4	0	0	0	2	0.40	2
7	रामगढ़	0	0	0.4	0.2	0	0	2	1	0.60	3
8	भीमताल	0	0	0.4	0.4	0	0	2	2	0.80	4
योग		0	0	1	1.2	0	0	5	6	2.20	11

वर्तमान समय में मछली मांस की मांग प्रत्येक जगह बढ़ रही है, जिसमें भविष्य में भी रोजगार की अपार सम्भावनाएं हैं, विभाग को जनपद की भोगौलिक परिस्थिति के अनुसार सघन सर्वेक्षण कर बेरोजगारों को मछली व्यवसाय में जोड़ने हेतु ठोस रणनीति तैयार करते हुए कार्ययोजना बनानी चाहिए ताकि जनपद से हो रहे पलायन पर अंकुश लगाने में सहयोग हो सके।

अध्याय–5

विश्लेषण एवं सिफारिशें

जनपद नैनीताल कुमाऊँ हिमालय–पूर्व क्षेत्र का एक हिस्सा है। इसमें आंशिक रूप से पहाड़ी पट्टी, भाबर और मैदानी क्षेत्र शामिल हैं। यह उत्तर में जिला अल्मोड़ा, उत्तर–पश्चिम में गढ़वाल, पश्चिम में बिजनौर, दक्षिण में उधमसिंह नगर और पूर्व में जनपद चम्पावत से घिरे होते हुए 4251 वर्ग किमी के क्षेत्रफल में फैला हुआ है। यह जनपद कई नदी–नालों और तालों से घिरा हुआ है।

जनपद की जनसंख्या वर्ष 1981 की वृद्धि दर 38.08% में से लगातार कमी (लगभग 13%) होते हुए वर्ष 2011 के लिए 25.13% हो गयी है जो कि जनपद में भी पलायन होने की पुष्टि करता है। दशकीय परिवर्तन के आंकड़ों को निम्नवत तालिका में प्रदर्शित किया गया है–

वर्ष 1901 से जनपद की जनसंख्या में दशकीय परिवर्तन

जनगणना वर्ष	जनसंख्या	पूर्ववर्ती के बाद से भिन्नता		महिला	पुरूष
		कुल	प्रतिशत		
1901	1,82,284	_	_	1,01,486	80,798
1911	1,82,016	-268	-0.15	1,02,876	79,140
1921	1,55,790	-26,226	-14.41	90,460	65,330
1931	1,56,034	+244	+.16	91,332	64,702
1941	1,64,244	+8,210	+5.26	96,337	67,907
1951	1,88,736	+24,492	+14.91	1,09,307	79,429
1961	2,59,685	+70,949	+37.59	1,46,941	1,12,744
1971	3,19,697	+60,012	+23.11	1,74,048	1,45,649
1981	4,41,436	+1,21,739	+38.08	2,39,247	2,02,189
1991	5,74,832	+1,33,396	+30.22	3,05,494	2,69,338
2001	7,62,909	+1,88,077	+32.72	4,00,254	3,62,655
2011	9,54,605	+1,91,696	+25.13	4,93,666	4,60,939

वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार जनपद की जनसंख्या 7,62,909 में लगभग 25% की वृद्धि होते हुए वर्ष 2011 में 9,54,605 हो गयी है जिससे जनपद राज्य में योगदान देकर चौथा स्थान प्राप्त करता है। जनपद का जनसंख्या घनत्व जो वर्ष 2001 के लिए 198 प्रति वर्ग किमी था उसमें लगभग 14% की वृद्धि होने से 225 प्रति वर्ग किमी हो गया है। इस दशकीय जनगणना के आधार पर जनपद की विकासखण्डवार तथा नगरवार जनसंख्या परिवर्तन को निम्नवत तालिका के आंकडों से भी जाना जा सकता है।

जनपद में ग्रामीण जनसंख्या की प्रति 10 वर्ष की जनसंख्या वृद्धि दर का तुलनात्मक विवरण				
विकासखण्ड	कुल जनसंख्या			
	वर्ष 2001	वर्ष 2011	बदलाव	बदलाव प्रतिषत
रामनगर	70841	81557	10716	15.1%
कोटाबाग	40551	63283	22732	56.1%
रामगढ़	37012	39249	2237	6.0%
भीमताल	*48501*	*47127*	*-1374*	-2.8%
बेतालघाट	40007	40171	164	0.4%
धारी	26213	33162	6949	26.5%
ओखलकाण्ड़ा	43218	45521	2303	5.3%
हल्द्वानी	*111780*	*97863*	*-13917*	-12.5%
योग ग्रामीण	**418123**	**447933**	29810	7.1%
वन क्षेत्र	75736	87419	11683	15.4%
योग जनपद	**493859**	**535352**	41493	8.4%

पलायन की स्थिति

अस्थायी और स्थायी पलायन

पिछले 10 वर्षो में 339 ग्राम पंचायतों से कुल 20951 व्यक्तियों द्वारा अस्थायी रूप से पलायन किया गया है, हालांकि वे समय–समय पर अपने घरों में आना–जाना करते हैं क्योंकि उनके द्वारा स्थायी रूप से पलायन नहीं किया गया है।

पिछले 10 वर्षों (वर्ष 2018 तक) में 213 ग्राम पंचायतों से 4823 व्यक्तियों द्वारा पूर्णरूप से स्थायी पलायन किया गया है, जो कि गम्भीर चिन्ता का विषय है। आंकड़ें दर्शातें हैं कि जनपद के सभी विकास खण्ड़ों में स्थायी पलायन की तुलना में अस्थायी पलायन अधिक हुआ है।

पलायन के मुख्य कारण

पलायन का मुख्य कारण आजीविका/रोजगार की समस्या के साथ–साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं में कमी है। विस्तृत आंकड़ें नीचे दी गई तालिका में प्रस्तुत है–

Table: Block wise main reasons for migration from gram panchayats										Total
जनपद का नाम	विकासखण्ड का नाम	ग्राम पंचायत से पलायन के कारण (लगभग प्रतिशत में)								
		आजीविका / रोजगार की समस्या (प्रतिशत)	चिकित्सा सुविधा का आभाव (प्रतिशत)	शिक्षा सुवधिा का आभाव (प्रतिश त)	इन्फ्राटक्चर (सड़क, बिजली, पानी व अन्य का आभाव) (प्रतिशत)	कृषि भूमी में उत्पादकत ा/पैदावार की कमी (प्रतिशत)	परिवार/ सगे संम्बन्धियों की देखा–देख ी पलायन करना (प्रतिशत)	जंगली जानवरों के द्वारा कृषि को हानि पहुंचाने करने के कारण (प्रतिशत)	अन्य कोई विशेष कारण (प्रतिश त)	
Nainital	Betalghat	55.88	7.44	8.27	3.56	7.65	2.08	9.81	5.31	100.00
Nainital	Bhimtal	58.42	3.32	10.61	7.16	5.35	1.29	7.61	6.23	100.00
Nainital	Dhari	71.59	5.81	7.26	2.93	2.19	3.59	2.52	4.11	100.00
Nainital	Haldwani	48.89	4.44	4.44	0.00	0.00	0.00	0.00	42.22	100.00
Nainital	Kotabag	55.71	9.21	7.57	7.14	2.86	2.86	10.36	4.29	100.00
Nainital	Okhalkanda	53.88	10.55	12.53	6.13	6.21	2.73	6.09	1.87	100.00
Nainital	Ramgarh	27.54	9.19	15.23	5.00	0.00	0.15	0.23	42.65	100.00
Nainital	Ramnagar	33.33	0.00	6.67	0.00	14.00	1.00	30.00	15.00	100.00

आयु वर्गवार पलायन

इस खण्ड में ग्राम पंचायतों से पलायन करने वालों की आयु का विश्लेषण किया गया है। आकड़ों से स्पष्ट हुआ है कि लगभग 45 प्रतिशत पलायन 26 से 35 वर्ष के आयु वर्ग द्वारा किया गया है। विभिन्न विकासखण्डों और जनपद की विस्तृत जानकारी निम्न तालिका में दी गई है।

Table: Block wise age of migrants from gram panchayats					Total
जनपद का नाम	विकासखण्ड का नाम	ग्राम पंचायत से पलायन करने वालों की आयु (लगभग प्रतिशत में)			
		25 साल से कम आयु वर्ग (वर्तमान में)	26 से 35 आयु वर्ग (वर्तमान में)	35 साल से अधिक आयु वर्ग (वर्तमान में)	
Nainital	Betalghat	32.82	42.86	24.32	100.00
Nainital	Bhimtal	40.40	47.04	12.56	100.00
Nainital	Dhari	26.44	46.59	26.96	100.00

Table: Block wise age of migrants from gram panchayats					Total
जनपद का नाम	विकासखण्ड का नाम	ग्राम पंचायत से पलायन करने वालों की आयु (लगभग प्रतिशत में)			
		25 साल से कम आयु वर्ग (वर्तमान में)	26 से 35 आयु वर्ग (वर्तमान में)	35 साल से अधिक आयु वर्ग (वर्तमान में)	
Nainital	Haldwani	28.50	40.67	30.83	100.00
Nainital	Kotabag	38.64	31.82	29.55	100.00
Nainital	Okhalkanda	23.80	51.16	25.04	100.00
Nainital	Ramgarh	22.58	39.05	38.37	100.00
Nainital	Ramnagar	25.00	26.25	48.75	100.00

पलायन के गन्तव्य

ग्राम पंचायतों से हो रहे पलायन के गन्तव्य का विश्लेषण कर सामने आये आकड़ों को इस खण्ड़ में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसमें स्पष्ट हुआ है कि जनपद के ग्राम पंचायतों से लगभग 22 प्रतिशत पलायन राज्य के अन्य जनपदों में है जबकि 24 प्रतिशत पलायन राज्य के बाहर हुआ है। सबसे अधिक पलायन नजदीकी कस्बों में हुआ है (35%)।

Table: Block wise destination of migrants from Gram Panchayats							Total
जनपद का नाम	विकासखण्ड का नाम	ग्राम पंचायत से पलायन कहॉ किया गया (लगभग प्रतिशत में)					
		नजदीकी कस्बों में	जनपद मुख्यालय	राज्य के अन्य जनपदों में	राज्य से बाहर	देश से बाहर	
Nainital	Betalghat	12.21	13.52	21.60	51.95	0.71	100.00
Nainital	Bhimtal	47.72	15.38	25.86	10.31	0.72	100.00
Nainital	Dhari	29.10	21.22	28.26	20.52	0.90	100.00
Nainital	Haldwani	20.42	11.25	35.83	32.17	0.33	100.00
Nainital	Kotabag	25.17	30.00	10.42	34.17	0.25	100.00
Nainital	Okhalkanda	44.92	22.37	17.43	15.18	0.10	100.00
Nainital	Ramgarh	78.00	9.27	11.07	1.67	0.00	100.00
Nainital	Ramnagar	30.00	20.00	15.00	35.00	0.00	100.00

Table: District wise destination of migrants from Gram Panchayats						Total
जनपद का नाम	ग्राम पंचायत से पलायन कहॉ किया गया (लगभग प्रतिशत में)					
	नजदीकी कस्बों में	जनपद मुख्यालय	राज्य के अन्य जनपदों में	राज्य से बाहर	देश से बाहर	
Nainital	35.49	17.93	21.47	24.64	0.47	100.00

सामाजिक–आर्थिक अर्थव्यवस्था

जनपद की अर्थव्यवस्था			
वर्ष	जी.डी.पी. का आकार	बदलाव	बदलाव (प्रतिशत)
2011-12	742018	NA	NA
2012-13	843164	101146	13.6%
2013-14	978305	135141	16.0%
2014-15	1129307	151002	15.4%
2015-16	1213174	83867	7.4%
2016-17	1345261	132087	10.9%



जनपद की अर्थव्यवस्था हेतु वर्ष 2011–12 से वर्ष 2016–17 के लिए GDP हेतु उपलब्ध आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि जनपद की GDP में 2.9% की दर से गिरावट दर्ज हुई जो कि जनपद की सामाजिक–आर्थिक अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा नहीं है जिनके आंकड़ों को उपरोक्त तालिका एवं ग्राफ से भी जाना सकता है।

जनपद की प्रति व्यक्ति आय			
वर्ष	प्रति व्यक्ति आय का आकार	बदलाव	बदलाव (प्रतिशत)
2011-12	69074	NA	NA
2012-13	77203	8129	11.8%
2013-14	87032	9829	12.7%
2014-15	99253	12221	14.0%
2015-16	105273	6020	6.1%
2016-17	115117	9844	9.4%



जनपद में प्रति व्यक्ति आय हेतु वर्ष 2011–12 से वर्ष 2016–17 के लिए उपलब्ध आंकड़ों से ज्ञात होता है कि जनपद की PCI में 2.4% की दर से गिरावट होना जनपद की अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं है। प्रति व्यक्ति आय के आंकड़ों को उपरोक्त तालिका एवं ग्राफ में दर्शाया गया है।

प्राथमिक क्षेत्र :– नैनीताल जनपद में लगभग 60 प्रतिशत ग्रामीण आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर हैं। जिले के मैदानी क्षेत्र, पहाड़ी क्षेत्र की तुलना में अधिक उपजाऊ हैं। जनपद के 80% किसान 01 हेक्टेयर तक के छोटे या सीमान्त किसान हैं। जनपद के 08 विकासखण्ड़ों में से 05 विकासखण्ड पहाड़ी इलाकों में आते हैं।

द्वितीयक क्षेत्र :–नैनीताल जनपद पहाड़ी और मैदानी दोनों इलाकों में फैला हुआ है जिसमें मैदानी क्षेत्र के इलाकों में हल्द्वानी, रामनगर और कोटाबाग विकासखण्ड़ आते है जबकि विकासखण्ड भीमताल, धारी, रामगढ़, बेतालघाट और ओखलकाण्डा पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित हैं। ये सभी क्षेत्र भी प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध हैं और इनमें मुख्य रूप से मध्यम और छोटी औद्योगिक इकाईयों को और बढ़ावा दिये जाने की अपार सम्भावनायें हैं जैसे सोप स्टोन, स्टोन क्रॉसिंग, फर्नीचर, लकड़ी पर नक्काशी, कृत्रिम आभूषण और मोमबत्ती, पत्तल–दौना उद्योग, आदि।

तृतीयक क्षेत्र :– मुख्य रूप से कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को प्रदान किये गये प्रोत्साहन के परिणाम स्वरूप नैनीताल जनपद में सेवा क्षेत्र में वृद्धि देखी गयी है। पर्यटन के क्षेत्र में नैनीताल जनपद में कई पर्यटक स्थल प्रसिद्ध हैं, जिससे यहाँ सेवा क्षेत्र में अन्य जनपदों की अपेक्षा अपना अलग ही महत्व है।

जनपद में विगत दशकीय जनगणना के अनुसार जनसंख्या का आर्थिक वर्गीकरण के आंकड़ों को अध्ययन करें तो ज्ञात होता हैं कि वर्ष 2001 से वर्ष 2011 के मध्य कृषकों की जनसंख्या में 4.92% की कमी आई है, जबकि कृषक श्रमिकों और पारिवारिक उद्योगों में भी वृद्धि दर धीमी हुई है, जो कि मुख्य कर्मकरों की इन श्रेणियों में व्यक्तियों की रूचि में कमी को दर्शाता है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका में उल्लेख किया गया है।

जनपद में विगत दशकीय जनगणना के अनुसार जनसंख्या का आर्थिक वर्गीकरण							
वर्ष	मुख्य कर्मकर					सीमान्त कर्मकर	कुल कर्मकर
	कृषक	कृषि श्रमिक	पारिवारिक उद्योग	अन्य	कुल		
1981	41.91%	17.90%	1.88%	32.07%	93.76%	6.24%	100%
1991	41.41%	6.76%	0.73%	37.57%	86.48%	13.52%	100%
2001	31.83%	4.26%	1.37%	41.75%	79.22%	20.78%	100%
2011	26.91%	5.22%	1.83%	44.85%	78.80%	21.20%	100%

जनपद में 200 से कम कुल जनसंख्या वाले ग्रामों की संख्या के आंकड़ों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि वर्ष 2015–16 से वर्ष 2017–18 के मध्य 137 ग्रामों की संख्या से परिवर्तन देखने को मिलता है जिसमें से 101 ग्राम 200 से 4999 जनसंख्या वाले ग्रामों में सम्मिलित होते हैं जबकि 36 ग्राम कुल ग्रामों की संख्या में हट जाना जनपद से निरन्तर हो रहे पलायन की पुष्टि का प्रमाण है। आंकड़ें निम्नवत तालिका में प्रदर्शित किये गये हैं।

जनपद में कुल जनसंख्या के अनुसार वर्गीकृत ग्राम								
वर्ष / विकासखण्ड	200 से कम	200–499	500–999	1000–1499	1500–1999	2000–4999	5000 या अधिक	योग
2015–16	520	376	133	40	16	8	2	1095
2016–17	451	370	171	59	24	12	4	1091
2017–18	383	380	179	63	27	25	2	1059
विकासखण्डवार 2017–18								
रामनगर	38	50	21	14	4	9	0	136
कोटाबाग	74	56	20	8	5	3	0	166

रामगढ़	65	33	16	4	2	2	0	122
भीमताल	43	31	14	8	3	3	0	102
बेतालघाट	49	53	20	3	1	0	0	126
धारी	10	12	17	6	4	1	0	50
ओखलकाण्ड़ा	27	43	25	5	2	0	0	102
हल्द्वानी	55	93	42	12	5	3	0	210
योग विकासखण्ड	361	371	175	60	26	21	0	1014
वन क्षेत्र	22	9	4	3	1	4	2	45
योग जनपद	383	380	179	63	27	25	2	1059
वर्ष 2015–16 से वर्ष 2017–18 के मध्य बदलाव	-137	4	46	23	11	17	0	-36

सिफारिशें

ग्राम्य विकास

महात्मा गाँधी नरेगा

1. जनपदान्तर्गत जॉबकार्ड धारकों को महात्मा गाँधी नरेगा योजना में काम के लिए मांग करने हेतु न्याय पंचायत/ग्राम पंचायत स्तर पर रोजगार दिवस के दिन जानकारी दिये जाने का प्राविधान किया जाय क्योंकि जनपद में 40 प्रतिशत जॉबकार्ड निष्क्रीय तथा 43 प्रतिशत श्रमिक काम की मांग नहीं कर पा रहे हैं।

2. महात्मा गाँधी नरेगा योजना में 100 दिन का रोजगार प्राप्त करने वाले परिवारों का आंकड़ा बहुत ही न्यून रहता है। विभाग द्वारा 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराये जाने हेतु मजदूरों को काम की मांग करते समय प्राप्ति रसीद उपलब्ध करवाये जाने के प्राविधान का शक्ति से अनुपालन करवाये जाने हेतु क्षेत्रीय कर्मचारियों को निर्देशित करने की आवश्यकता है।

3. जनपद में 40% जॉबकार्डधारक काम करने के लिए मांग ही नहीं कर रहें हैं या 40% जॉबकार्ड धारकों को महात्मा गाँधी नरेगा योजना में काम के लिए मांग करने की प्रक्रिया की जानकारी नहीं है।

4. नैनीताल जनपद के लिए महात्मा गाँधी नरेगा योजना अन्तर्गत कुल 122669 श्रमिक पंजीकृत हुए हैं, जिसमें से अभी लगभग 43% श्रमिक काम की मांग नहीं कर रहे हैं, जिसके लिए सबसे अधिक विकासखण्ड हल्द्वानी तथा सबसे कम विकासखण्ड रामगढ़ में है।

5. विकासखण्ड हल्द्वानी में सक्रीय जॉबकार्ड, सक्रीय श्रमिक तथा कुल सृजित मानव दिवस हेतु आंकड़ें सभी विकासखण्डों से न्यूनतम रहे, जिसमें महिलाओं की भागीदारी अधिक है किन्तु विकासखण्ड भीमताल में इसके विपरीत महिलाओं की भागीदारी में कमी आई। इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

6. मनरेगा के तहत 41% से अधिक लाभार्थी महिलाएँ हैं, ध्यान केंद्रण उन कार्यों पर होना चाहिए जो महिलाओं के लिए अतिरिक्त आय सृजित कर सकें। समान अवसर और भागीदारी सुनिश्चित करके सभी जनपदों के लिए महिलाओं का प्रतिनिधित्व 50% से अधिक बनाए रखने के प्रयास किए जाने चाहिए। महिलाओं के कौशल विकास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए ताकि वे कुशल श्रमिकों के रूप में लाभ उठा सकें न कि अकुशल श्रमिकों के रूप में।

7. फसलों को बंदर और जंगली सूअर जैसे जानवरों द्वारा नुकसान होने की समस्या है। जंगली सूअरों और बंदरों से फसलों की सुरक्षा के लिए संपत्तियां बनाने के लिए एक योजना वन विभाग की सहायता से तैयार की जानी चाहिए।

8. जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल और सिंचाई दोनों के लिए पानी की कमी एक बड़ी समस्या बनकर उभर रही है। इस समस्या से निपटने के लिए इस योजना के तहत कार्यों का संयोजन किया जा सकता है।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिषन

1. आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों को मिड–डे–मील, आंगनवाड़ी केन्द्रों में पुष्ठाहार, जनपदान्तर्गत सभी प्रकार के विद्यालयों में ड्रेस आदि उपलब्धता, निर्माण कार्यों में सहभागिता, उत्पादक समूह तथा विपणन समूह के रूप में विकसित किये जाने के साथ–साथ ई–मार्केटिंग की सुविधा से युक्त करने की कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए।

2. जनपद के रामनगर विकासखण्ड अन्तर्गत राजपुर इलाके में लगभग 210 परिवार द्वारा कसीरा, सीख, मुन्ज, कंजूर जैसी घास से घरेलू उपयोग की बहुत ही खूबसूरत वस्तुओं का निर्माण पैतृक रूप से किया जा रहा है, जिन्हें आधुनिक रूप से प्रशिक्षण देने एवं विकसित करने की कार्ययोजना तैयार करते हुए, ग्रामीणों की आय को और बढ़ाया जा सकता है जिसका प्रभाव जनपद के अन्य विकासखण्डों में भी इस तरह के सूक्ष्म उद्यम को स्थापित करने में मिलेगा।

3. विभाग द्वारा राज्य आजीविका मिशन के तहत गठित किये गये स्वयं सहायता समूहों के लिए विगत तीन वर्षों हेतु प्राप्त आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि वर्ष 2019–20 में वर्ष 2018–19 से 11% की कमी से स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया, साथ ही यह भी ज्ञात होता है कि रामनगर और हल्द्वानी जैसे विकासखण्डों में भी डेयरी व्यवसाय के अतिरिक्त अन्य क्रियाकलापों को स्थापित करने में कोई विशेष रूचि नहीं दिखाई गयी है, यहाँ तक कि इन विकासखण्डों में सब्जी उत्पादन के लिए भी कोई समूह गठित नहीं करवाया गया, जो कि जनपद की सामाजिक/आर्थिक विकास को सुदृढ़ करने एवं पलायन पर अंकुश लगाने के लिए उचित नहीं है। विभाग को इसके लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए।

4. स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने और आजीविका के स्रोतों से समूह सदस्यों को जोड़ने के लिए विभाग द्वारा विगत तीन वर्षों के मध्य कुल 2424 स्वयं सहायता समूहों में से 1271 स्वयं सहायता समूहों (SHGs) (52.4% SHGs) को रूपये 127.10 लाख का रिवाल्विंग फण्ड तथा 959 SHGs (39.6% SHGs) को ग्राम संगठन में सम्मिलित करते हुए रूपये 500.50 लाख का सी.आई. एफ. फण्ड से लाभान्वित किया गया, जबकि वर्ष 2019–20 तक सभी स्वयं सहायता समूहों को उल्लिखित फण्डों से लाभान्वित कराते हुए उनको आत्मनिर्भर बनाया जाना चाहिए था। विभाग को सभी का अनुश्रवण करते हुए रिवाल्विंग फण्ड तथा सी.आई.एफ. फण्ड से वंचित स्वयं सहायता समूहों (SHGs) को शीघ्र लाभान्वित किये जाने का आगामी कार्ययोजना में प्राविधान करना चाहिए।

5. जनपद के अन्तर्गत पिछले तीन वर्षों के दौरान विभाग द्वारा कुल 71 SHGs को पुनर्जीवित किया गया जिसमें सबसे अधिक 31 SHGs विकासखण्ड कोटाबाग तथा सबसे कम 03 SHGs विकासखण्ड भीमताल द्वारा पुनः सक्रिय किये गये जबकि विकासखण्ड धारी, रामगढ़ तथा ओखलकाण्डा में कोई भी स्वयं सहायता समूह सक्रिय नहीं किये गये अर्थात इन विकासखण्डों में निष्क्रीय समूहों को पुनर्जीवित करने की ओर विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया गया जो कि इन विकासखण्ड की महिलाओं के लिए उचित नहीं है।

स्वजल परियोजना

1. ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, स्रोत संरक्षण एवं संवर्धन तथा सामुदायिक स्वच्छता काम्पलेक्स जैसे कार्यों हेतु स्वजल नैनीताल को सघन सर्वेक्षण कर आगामी कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए।

2. शौचालय हेतु पुनः सर्वेक्षण कार्य किया जाना चाहिए क्योंकि जनपद में कोरोना महामारी के कारण कई परिवार लौट आये हैं।

3. जनपद नैनीताल में स्वजल परियोजना के अन्तर्गत विगत चार वर्षों के मध्य रूपये 1179 लाख की धनराशि का परिव्यय करते हुए 363 ग्राम पंचायतों को आच्छाादित करते हुए 1284 कार्यों का निर्माण करवाया गया जिसमें 1111 व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण के साथ–साथ स्वजल परियोजना के तहत 157 ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, 09 स्रोत संरक्षण एवं संबर्द्धन तथा 07 सामुदायिक स्वच्छता कॉम्पलेक्स का निर्माण कार्य शामिल हैं।

4. स्वजल से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार स्रोत संरक्षण एवं संबर्द्धन का कार्य विकासखण्ड धारी एवं ओखलकाण्ड़ा के अलावा अन्य विकासखण्डों में नहीं किया जा रहा है, जबकि इस कार्य की मांग ग्रामीण स्तर/ हर स्तर पर रखी जाती है।

5. आंकड़ों को देखें तो ज्ञात होता है कि सामुदायिक स्वच्छता कॉम्पलेक्स के कार्य से विकासखण्ड रामनगर, रामगढ़, धारी एवं ओखलकाण्ड़ा के अलावा अन्य विकासखण्ड़ों को वंचित रखा गया है।

6. जनपद के भीमताल विकासखण्ड के अलावा अन्य सभी विकासखण्डों में वर्ष 2017–18 एवं वर्ष 2018–19 के कुल 84 कार्य अभी भी निर्माणाधीन हैं।

7. ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, स्रोत संरक्षण एवं संबर्द्धन तथा सामुदायिक स्वच्छता कॉम्पलेक्स जैसे कार्यों हेतु स्वजल नैनीताल को सघन सर्वेक्षण कर आगामी कार्ययोजना तैयार करने की अति आवश्यकता है।

ग्रामोद्योग बोर्ड

1. जनपद नैनीताल के अन्तर्गत ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विगत चार वर्षों में कुल 103 लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों को स्थापित करवाया गया जिसमें सबसे अधिक 64 लघु एवं सूक्ष्म उद्यम विकासखण्ड हल्द्वानी में स्थापित करते हुए 414 युवा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया। वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य उद्यमों की संख्या एवं उपलब्ध करवाये गये रोजगार में लगातार वृद्धि होना इस ओर संकेत करता है कि जनपद के युवा बेरोजगारों की रूचि लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों को स्थापित कर स्वरोजगार में बढ़ी है।

2. जनपद के अन्तर्गत हल्द्वानी विकासखण्ड के अलावा अन्य विकासखण्डों में भी लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों को और बढ़ाया जा सकता है जिसके लिए बोर्ड को सभी विकासखण्ड़ों में ग्रामीण क्षेत्रों की निर्भरता/मांग के अनुसार उद्यमों को स्थापित किये जाने की कार्ययोजना तैयार करने की आवश्यकता है।

उद्योग

1. जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में सूक्ष्म एवं लघु क्षेत्र में विकास के लिए पी.एम.ई.जी.पी. तथा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। लगभग सभी विकास खण्डों में हैंडलूम तथा हैंडीक्राफ्ट आधारित इकाईयाँ स्थापित की जा सकती हैं एवं इनका जनपद में अधिक संख्या में आने वाले यात्रियों को आकर्षित किया जा सकता है।

2. सूक्ष्म और लघु इकाईयों के विकास को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को स्थानीय परिस्थितियों पर गहन विचार करते हुए विकाखण्ड़वार कार्ययोजना तैयार करने की आवश्यकता है।

3. जनपद में सूक्ष्म, लघु और कारीगर इकाईयों के विकास हेतु क्षमता विकास योजना को आवश्यकता के अनुरूप होना चाहिए।

4. जनपद के अन्तर्गत सूक्ष्म, लघु और कारीगर इकाईयों के प्रचार–प्रसार में लगे कर्मचारियों की कमी है इसे तत्काल निस्तारित किया जाना चाहिए।

5. उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम, विशेष रूप से ऐसे विकासखण्ड़ों/ग्राम पंचायतों में आयोजित किये जाने चाहिए जहाँ ऐसी इकाईयों की कमी है।

लघु/लघुत्तर उद्योगों की स्थापना

1. उद्योग विभाग की लघु तथा लघुउत्तर उद्योगों की स्थापना एवं बीस सूत्रीय योजनान्तर्गत विगत चार वर्षों के दौरान 1009 के शासकीय लक्ष्य के सोपक्ष 1011 लघुत्तर उद्योग स्थापित करवाने में कुल रूपये 352.03 करोड़ का परिव्यय करते हुए जनपद के 5865 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया।

2. आंकडों के अध्ययन से यह भी ज्ञात होता है कि पिछले वर्षों की अपेक्षा कम निवेश में ज्यादा इकाईयाँ स्थापित करवाई गयी किन्तु रोजगार दिये जाने के आंकड़ों में गिरावट देखी जा सकती है अर्थात बेरोजगारों में स्वयं के रोजगार स्थापित करने की रूचि बढ़ी है।

उद्यमिता विकास कार्यक्रम

1. उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत उद्योग विभाग द्वारा विगत चार वर्षों के मध्य कुल 138 कार्यक्रमों को आयोजित करवाया गया जिसमें तीन दिवसीय कार्यक्रमों की अपेक्षा दो दिवसीय कार्यक्रमों का योगदान 52% रहा अर्थात ग्रामीण युवक युवतियों की शॉर्टटर्म प्रशिक्षण कार्यक्रमों में रूचि देखी जा सकती है।

2. आंकड़ों के अध्ययन से यह भी स्पष्ट होता है कि जनपद में जहाँ एक ओर प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या में विचलन हुआ वहीं दूसरी ओर प्रतिभागियों की संख्या में भी विचलन देखने को मिला। उद्यमिता विकास कार्यक्रम को ग्रामीण क्षेत्रों के अनुसार तैयार कर संचालित करने की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम

1. प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का मूल उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार के नये–नये आयाम उपलब्ध कराना है, जिसके लिए उद्योग विभाग नैनीताल द्वारा विगत चार वर्षों के दौरान 358 इकाई को स्थापित करवाने के लिए बैंक के माध्यम से रूपये 1322.37 लाख का वित्तपोषण करवाया गया, जिसमें विभाग द्वारा रूपये 595.59 लाख की धनराशि मार्जिन मनी के रूप में वितरित की गई। उल्लिखित योजना से इन चार वर्षों के मध्य कुल 1095 व्यक्तियों को रोजगार भी उपलब्ध भी करवाया गया।

2. आंकड़ों के अध्ययन से यह भी स्पष्ट होता है विभाग द्वारा लक्ष्य से भी अधिक भौतिक एवं वित्तीय पूर्ति प्राप्त की गयी है, परन्तु वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य विभाग द्वारा जिस वित्तीय वर्ष में अधिक उद्यम लगवाये जाते हैं, उसी वित्तीय वर्ष में रोजगार उपलब्धता में गिरावट देखने को मिलती है अर्थात विभाग द्वारा उद्यम स्थापित करवाते समय की जा रही कार्यवाही में रोजगार उपलब्धता की ओर ध्यान केन्द्रित नहीं किया जाता। विभाग को इस ओर ध्यान केन्द्रित करते हुए आगामी कार्ययोजना तैयार करने की अति आवश्यकता है।

3. उपरोक्त उल्लिखित उद्योग विभाग की योजनाओं के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि जनपद के अन्तर्गत बेरोजगारों के द्वारा अपने आप को स्वावलम्बन बनाने की रूचि में वृद्धि हुई है जिसके तहत

जनपदान्तर्गत वर्तमान और भविष्य में होने वाली मांग के साथ–साथ रोजगार को केन्द्रित करते हुए विभाग को कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए।

रेशम विभाग

1. विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि विकासखण्ड कोटाबाग द्वारा वर्ष 2019–20 के लिए कुल परिव्यय में 40% का योगदान के साथ 55% कीटपालक परिवारों को लाभान्वित करते हुए और 60% रेशम ग्रामों को आच्छादित करवाते हुए जनपद में पहला स्थान प्राप्त किया किन्तु उल्लिखित मदों में विकासखण्ड भीमताल एवं रामनगर द्वारा क्रमशः 10% व 20% के माध्यम से सबसे कम योगदान दिया गया। जनपद स्तर पर देखा जाय तो विकासखण्ड धारी, रामगढ़, ओखलकाण्डा और बेतालघाट में रेशम विभाग की योजनाएं संचालित ही नहीं हैं।

2. रेशम व्यवसाय से पर्वतीय इलाकों में रोजगार के अपार पायदान मौजूद हैं जिसके लिए विभाग को जनपदान्तर्गत रेशम व्यवसाय को बढावा दिये जाने हेतु सभी विकासखण्डों के स्थलों और उद्यमियों को चिह्नित करते हुए आगामी कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए, जिसका परिणाम होगा आगामी आने वाले समय में ग्रामीण अंचलों में सामाजिक–आर्थिक विकास का सुदृढ़ होने एवं पलायन पर अंकुश लगाने में अतिरिक्त सहयोग प्राप्त होगा।

सहकारिता

1. सहकारिता विभाग के अन्तर्गत जनपद नैनीताल में कुल 53 बहुउद्देशीय साधन/किसान/दीर्घकार सहकारी समितियां (एमपैक्स) कार्य कर रही है जिनका मुख्य उद्देश्य अपने सदस्यों जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं, तथा कृषि पर निर्भर है, उन्हें अल्पकालीन फसली ऋण नकदी एवं वस्तु रूप में (यथा उर्वरक, उन्नतशील प्रजाति के बीज) तथा मध्यकालीन ऋण उपलब्ध कराना है, ताकि कृषकों का आर्थिक विकास हो सके। कृषक सदस्यों की फसली ऋण सीमा 03 वर्ष हेतु निर्धारित की जाती है। उक्त ऋण पर वर्तमान में प्रचलित सामान्य वार्षिक ब्याज की दर 07 प्रतिशत है।

2. सहकारिता विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि जनपद में सहकारिता समितियों द्वारा विगत चार वर्षों के मध्य 27872 कृषकों को अल्पकालीन ऋण एवं 716 कृषकों को मध्यकालीन ऋण उपलब्ध करवाने में समितियों द्वारा कुल रूपये 43371.39 लाख का ऋण कृषकों को वितरण किया गया। आंकड़ों से यह भी स्पष्ट होता है कि समितियों में ऋण धनराशि के साथ–साथ समिति सदस्यता में भी वृद्धि देखी जा सकती है।

3. आंकड़ों के अध्ययन से यह भी ज्ञात होता है कि जनपद के विकासखण्ड हल्द्वानी में सबसे अधिक 5768 किसान तथा सबसे कम विकासखण्ड रामगढ़ में 1831 किसान सहकारी समितियों द्वारा लाभान्वित किये गये। ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता विभाग का किसानों से सीधा सम्बन्ध है जो कि किसानों की जरूरत के अनुसार अल्पकालीन एवं मध्यकालीन ऋण उपलब्ध कराता है, किन्तु जनपद की कुल जनसंख्या मे से 60% जनसंख्या की कृषि पर निर्भरता है, जिसका मात्र 4.8% जनसंख्या तक ही समितियाँ लाभ पहुँचा पाई हैं, जबकि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा दीन दयाल

उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना संचालित की गई है जिसमें किसानों को ब्याज रहित ऋण उपलब्ध करवाया जाने का भी प्राविधान किया गया है।

4. सहकारिता विभाग को किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरलतम नियम कानून के साथ ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करने की रणनीति तैयार करनी चाहिए, क्योंकि समितियों के लिए कार्य करने के लिए विस्तृत कार्यक्षेत्र उपलब्ध हैं।

डेरी विकास

महिला डेरी योजना :– इस योजना के तहत डेयरी विकास विभाग द्वारा विगत चार सालों में रूपये 161.64 लाख का परिव्यय करते हुए 15 लाभार्थियों को रोजगार दिया जा रहा है जिसको और अधिक बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिसके लिए विभाग को आगामी कार्ययोजना में सम्मिलित करना होगा।

गंगा गाय महिला डेरी विकास योजना :– उल्लिखित योजना के आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि जिस दर से वित्तीय धनराशि में गिरावट हुई उसी दर से लाभार्थियों की संख्या में भी कमी देखी जा सकती है, जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लिखित योजना के प्रति लाभार्थियों की रूचि में बदलाव के साथ–साथ पलायन की पुष्टि भी करता है।

राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना :– डेरी विकास विभाग की इस योजना के तहत 54 परिवारों को लाभान्वित किया गया जिसके अन्तर्गत 07 परिवारों को 05 की दर से कुल 35 दुधारू पशु तथा 47 परिवारों को 03 की दर से कुल 141 दुधारू पशु उपलब्ध करवाये गये।

विभाग की टीकाकरण, मिनरल मिक्सर अनुदान तथा भूसा गोदाम जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के आंकड़ों का शून्य हो जाना डेरी विकास की सोच को अल्पविराम लगना जैसा है। विभाग इन कार्यक्रमों के साथ–साथ संतुलित पशु आहार अनुदान, डिवार्मिंग, नई दुग्ध समिति गठन हेतु प्रथम वर्ष सहायता तथा स्वच्छ दुग्ध उत्पादन गोष्ठी/उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम को भी बढ़ावा दिये जाने की अति आवश्यकता है, जिसका परिणाम होगा ग्रामीणों को अधिक से अधिक सुविधायें उपलब्ध होने से ग्रामीण क्षेत्रों में डेरी के प्रति लोगों की भावनाओं में परिवर्तन आयेगा जिससे डेरी व्यवसाय को और मजबूती प्राप्त होगी।

पशुपालन

उत्तराखण्ड की लगभग 2.64% जनसंख्या डेरी अथवा पशुपालन पर निर्भर है जिसमें नैनीताल जनपद द्वारा 6.44% के माध्यम से उत्तराखण्ड में चम्पावत के बाद दूसरे नम्बर पर योगदान दिया जाता है।

1. पशुपालक के चयन में जाति के साथ–साथ रूचिकर लाभार्थी का चयन किये जाने में उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी और विभागीय अधिकारी द्वारा किये जाने का प्राविधान किया जाना पशुधन को बढावा दिया जाना होगा।

2. जनपद में बकरीपालन, भेडपालन, मुर्गीपालन, मत्स्य पालन किये जाने की अपार सम्भावनायें हैं जिसे किसानों की आय को मूल साधन के रूप में उभारा जा सकता है।

3. जनपद में यह भी देखने को मिला कि पशुपालकों को क्षेत्रीय कर्मचारियों के अभाव में नुकसान का सामना करना पड़ रहा है ऐसी स्थिति में जनपद के उत्कृष्ठ पशुपालकों को ही प्रशिक्षित करते हुए एक निश्चित मानदेय पर रखा जाय ताकि पशुपालकों को ग्रामीणस्तर पर ही उचित सुविधायें मिल जायेगी।

4. विभाग को आगामी कार्ययोजना में पहाड़ी क्षेत्रों में पहाडी गाय, भैंस, कुक्कुट और बकरी की नस्ल को ही जनपदस्तर पर स्थापित AI सेन्टरों में पहाड़ी ब्रीड को अपग्रेड किया जाने का प्राविधान को अनिवार्य किया जाना चाहिए।

5. विभाग को जनपद में भूसा/ फीड/ चारा की उपलब्धता हेतु न्याय पंचायत स्तर पर गोदाम बनाने की ठोस रणनीति तैयार चाहिए।

6. डेरी एवं पशुपालन को उत्तराखण्ड में बढ़ावा दिये जाने के लिए सरकार को डेरी एवं पशुपालन विभागों को एकीकृत करने का प्राविधान करना चाहिए।

7. पशुपालन की गुणवत्ता को बढ़ावा दिये जाने की आवश्यकता है क्योंकि इसे कई परिवारों के आय का मुख्य स्रोत बनाया जा सकता है। जनपद को दूध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के साथ–साथ अन्य क्षेत्रों में दुग्ध विपणन करवाने का उद्देश्य भी रखा जाय।

8. पशुपालन विभाग द्वारा जनपद में अच्छी नस्ल के पशु उनके स्वास्थ्य, दुग्ध उत्पादन, पैकेजिंग एवं विपणन आदि पर वर्तमान समय में सघन अध्ययन शुरू करवाना चाहिए, तत्पश्चात इस क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में योगदान देने की आवश्यकता है।

9. बेहतर लाभ के लिए दुग्ध उत्पादकों को उनकी उपज के प्रसंस्करण में पनीर, घी आदि का प्रशिक्षण दिया जा सकता है।

10. जनपद में बकरी एवं भेड़पाल के लिए चारे का अभाव है। चारागाह एवं चारा विकास पर एक विशेष योजना बनाकर इसकी उपलब्धता बढ़ाने की आवश्यकता है।

11. मुर्गीपालन भी एक महत्वपूर्ण गतिविधि है जोकि मुख्यतया बैकयार्ड पॉल्ट्री के रूप में चल रही है। इसे भी Upscale किया जा सकता है ताकि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आपूर्ति की जा सके।

पशुपालन विभाग द्वारा वर्तमान में संचालित योजनाओं के लिए प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण निम्नवत दिया गया है–

अहिल्या बाई होल्कर बकरी पालन योजना :– सम्बन्धित योजना में विभाग द्वारा विगत चार वर्षों के दौरान कुल रूपये 16.52 लाख की धनराशि का परिव्यय करते हुए 18 परिवारों को (10+1) की दर से 100% अनुदान पर बकरी पालन का स्वरोजगार उपलब्ध कराया गया, जो कि सभी विकासखण्डों में बहुत ही न्यून है जबकि उल्लिखित योजना में जातिगत कोई भी पाबन्दी नहीं है।

अनुसूचित जाति गौ–पालन योजना :– विभाग की इस योजना के आंकड़ों को देखें तो ज्ञात होता है कि विगत चार वर्षों के मध्य कुल रूपये 77.04 लाख की धनराशि को खर्च करते हुए जनपद में 214 अनुसूचित जाति/जनजाति (SC/ST) गरीब परिवारों को 90% अनुदान पर 01 गाय की दर से पशु उपलब्ध करवाया गया। विभाग द्वारा प्रति यूनिट हेतु रूपये 40 हजार की धनराशि का प्राविधान रखा गया है।

अनुसूचित जाति बकरीपालन योजना :–अनुसूचित जाति बकरीपालन योजना के तहत विभाग ने विगत चार वर्षों के मध्य कुल रूपये 57.33 लाख का परिव्यय करते हुए जनपद के 91 (SC/ST) गरीब परिवारों से (10+1) की दर से 90% अनुदान पर बकरी पालन का व्यवसाय शुरू करवाया गया। प्रति यूनिट हेतु विभाग द्वारा रूपये 70 हजार धनराशि का प्राविधान रखा गया है।

अनुसूचित जाति कुक्कुट पालन योजना :–उल्लिखित योजना में विभाग द्वारा विगत चार वर्षों के समयावधि में कुल रूपये 46.20 लाख की धनराशि का परिव्यय करते हुए 2200 (SC/ST) गरीब परिवारों को 100% अनुदान पर 50 चूजे, जाली, दाना और दवाई भी उपलब्ध करवाकर कुक्कुटपालन के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रति यूनिट हेतु विभाग द्वारा रूपये 2100 धनराशि का प्राविधान रखा गया है।

आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि जनपद के विकासखण्ड हल्द्वानी में कुक्कुट पालन के लिए अधिक परिवारों द्वारा रूचि दिखायी गयी है।

महिला बकरीपालन योजना :–विभाग शत–प्रतिशत अनुदान पर ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत विधवा, निराश्रित गरीब महिलाओं को 35 हजार की लागत वाली इस योजनान्तर्गत वर्ष 2017–18 और वर्ष 2019–20 में ही विकासखड ओखलकाण्डा, धारी और कोटाबाग को छोडते हुए निम्नवत तालिका में उल्लिखित विकासखण्डों के अन्तर्गत 25 महिलाओं को (03+1) की दर पर बकरीपालन के व्यवसाय से लाभान्वित किया गया।

महिला बकरी पालन योजना का विकासखण्ड एवं वर्षवार विवरण

विकासखण्ड/वर्ष	भौतिक प्रगति		वित्तीय प्रगति		योग	
	2017–18	2019–20	2017–18	2019–20	भौतिक	वित्तीय
हल्द्वानी	0	5	0	1.75	5	1.75
रामनगर	5	0	1.75	0	5	1.75
बेतालघाट	0	5	0	1.75	5	1.75
रामगढ	0	5	0	1.75	5	1.75
भीमताल	5	0	1.75	0	5	1.75
योग	**10**	**15**	**3.50**	**5.25**	**25**	**8.75**

उद्यान

उद्यान विभाग को मौजूदा फल उत्पादन को ध्यान में रखते हुए जनपद के लिए एक बागवानी विकास योजना तैयार करने की आवश्यकता है, जो गुणवत्ता (प्रजातियों सहित), विपणन तथा खामियों को इंगित

करती हो। प्रत्येक विकासखण्ड में उन्नत बागवानी के विकास को ध्यान में रखना चाहिए, जो गुणवत्ता वाले रोपण सामग्री से लेकर प्रसंस्करण और विपणन के उपयुक्त पैकेजों के लिए सही किस्म/प्रजातियों जैसे सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

1. जनपद के विकासखण्ड रामनगर को आम, लीची हब, विकासखण्ड हल्द्वानी को विपणन हब, विकासखण्ड रामगढ़, धारी तथा ओखलकाण्डा को सब्जी और फल पट्टी हब, के रूप में विकसित किये जाने की प्राविधान किया जाय।

2. सेब का बागान लगाने हेतु 20 नाली भूमि के प्राविधान को कम से कम 2 नाली भूमि का किया जाना उचित होगा क्योंकि वर्तमान में किसानों के पास भूमि जोत बहुत छोटे आकार की है।

3. जंगली जानवरों के आंतक को कम करने हेतु विभाग की घेरबाड योजना में बजट को बढाया जाय ताकि अधिक से अधिक उद्यमियों को लाभान्वित किया जा सके।

4. वनस्पति घी एवं साबुन बनाने हेतु उपयोग में लाये जाने वाले महुवा(चूरा) के पौध नर्सरी को विकसित करते हुए क्षेत्र विशेष को विकसित करते हुए किसानों की आय में अतिरिक्त आय के साधन को जोड़ा जा सकता है।

5. जनपदान्तर्गत फूड प्रसंस्करण इकाई स्थापित किये जाने की अधिक आयाम मौजूद हैं क्योंकि उत्पादन की दर से किसानों को आय प्राप्त नहीं हो पा रही है।

6. जंगली जानवरों एवं कुछ समय अवधि के बाद पॉलीहाउस का नष्ट हो जाने से किसानों को बैमौसमी फसल उत्पादन से हो रही आय के नुकसान को और अधिक समय तक बनाये रखने के लिए पॉलीहाउस के निर्माण में लोहे की जाली से निर्मित किये जाने का प्राविधान किया जाना अधिक लाभप्रद होगा।

7. जनपद में आलू का उत्पादन अधिक मात्रा में किया जा रहा है, किन्तु बीज बाहरी राज्यों से उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। विभाग को आलू बीज का उत्पादन जनपद के सभी विकासखण्डों में किये जाने का प्राविधान करना चाहिए।

केन्द्र पोषित :–

1. विभाग को उल्लिखित कार्यक्रमों को सभी विकासखण्डों में और अधिक बढ़ावा दिये जाने की ओर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए क्योकि पहाड़ी फल, सब्जी और मसालों की बाजार में मांग अधिक है परन्तु मांग पूरी न होने के कारण बाहरी राज्यों एवं जनपदों पर आश्रित रहना पड़ता है।

2. विभाग को शीघ्र हल्द्वानी, कोटाबाग, रामनगर, धारी और ओखलकाण्डा विकासखण्डों में सब्जी उत्पादन हेतु ठोस रणनीति के साथ कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए।

3. विभाग को फल, सब्जी तथा मसाला उत्पादन के लिए उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण, उत्तम किस्म के पौध एवं बीज उपलब्ध करवाने के साथ–साथ विपणन की ठोस नीति के साथ कार्ययोजना तैयार

करनी चाहिए। उद्यानीकरण में रोजगार की अपार सम्भावनायें हैं, जिसके लिए विभाग को संजीदगी के साथ योजनाओं को धरातल पर उतराने का कार्य करना होगा।

राज्य पोषित :–

1. राज्यपोषित योजना के अन्तर्गत विभाग द्वारा विगत वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य घेरबाड एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण हेतु विभाग द्वारा कुल रूपये 230.32 लाख का परिव्यय करते हुए 39 घेरबाड तथा 380 वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया गया, जो कि जनपद की जनसंख्या के दृष्टिगत बहुत न्यून है। भविष्य में विभाग के लक्ष्यों को बढ़ाया जाना उचित होगा।

2. विकासखण्ड स्तर पर योजना के आंकड़ों को देखे तो स्पष्ट होता है कि जनपद के विकासखण्ड भीमताल में सबसे कम 05% तथा सबसे अधिक विकासखण्ड ओखलकाण्डा में 28% घेरबाड का निर्माण किया गया जिसका उद्देश्य है कि जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा करना। वर्तमान समय में राज्य के पर्वतीय जनपदों में जंगली जानवरों के आंतक की समस्या हर जगह है, विभाग द्वारा इस योजना के लक्ष्यों को बढ़ाया जाना उचित होगा। जिसका परिणाम होगा पर्वतीय ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा कृषकों को जंगली जानवरों से निजात मिलेगी और उनके उत्पादन और आय में वृद्धि होगी। विकासखण्ड रामनगर और हल्द्वानी में घेरबाड हेतु आंकड़ें शून्य रहते है, क्योंकि उक्त विकासखण्डों का अधिकांश भाग मैदानी क्षेत्र में आता है।

3. विगत चार वर्षों के लिए विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि वर्मी कम्पोस्ट यूनिट निर्माण में जनपद का विकासखण्ड बेतालघाट द्वारा सबसे कम 01% तथा विकासखण्ड ओखलकाण्डा द्वारा 34% का योगदान किया जाता है, जबकि विकासखण्ड कोटाबाग हेतु उक्त आंकड़ें शून्य रहते है। विभाग को चाहिए कि इस मद में प्राप्त हो रही धनराशि को ग्राम्य विकास विभाग की मनरेगा योजना से युगपतिकरण करते हुए कार्ययोजना तैयार करे, जिससे विभाग अधिक से अधिक कृषकों को वर्मी कम्पोस्ट यूनिट निर्माण से लाभान्वित करने में सफल होगा।

भेषज विकास इकाई

1. जिला भेषज समन्वयक, भेषज विकास इकाई, नैनीताल के माध्यम से विगत चार वर्षों के मध्य संचालित कार्यक्रमों के तहत जनपद के अन्तर्गत तेजपात, आंवला, बड़ी इलाइची तथा रीठे का रोपण तथा उत्पादन करते हुए जनपद के ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया जिनके लिए भेषज विकास इकाई नैनीताल द्वारा इन चार वर्षों के दौरान कुल 11 जड़ी–बूटी प्रशिक्षण कैम्पो के माध्यम से 609 परिवारों को प्रशिक्षित भी किया गया।

2. जनपद में भेषज इकाई द्वारा कुल 06% का परिव्यय तो किया जाता है किन्तु व्यय के सापेक्ष 94% शुद्ध आय भी प्राप्त की जाती है जो कि इस क्षेत्र में रोजगार के असीम पायदान होने के संकेत प्रदान करता है। जनपद में विगत चार सालों के मध्य कुल 9602.00 कु0 जड़ी–बूटी का उत्पादन किया गया जिसे रामनगर और हल्द्वानी में ही आसानी से विपणन किया गया है।

कृषि

1. जनपद के पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि महिलाओं पर निर्भर है। विभाग द्वारा धरातल पर ही महिलाओं को उन्नत बीज, नवीनतम कृषियंत्रों, उपकरणों और वैज्ञानिक विधियों की नवीनतम जानकारी देने का प्राविधान करना चाहिए।

2. जनपद का अधिकांश भू–भाग पर्वतीय क्षेत्र के अन्तर्गत आता है, जिसकी 60 प्रतिशत निर्भरता वर्षा आधारित कृषि पर है, जिसके लिए उन्नत बीज की अत्यधिक आवश्यकता है। विभाग को जनपद के भीतर ही बीज अनुसंधान के कार्य को निरन्तर करते हुए अधिक उत्पादन देने वाले बीज तैयार किये जाने हेतु बीज ग्राम की सोच को ओर अधिक विस्तृत करने की आवश्यकता है।

3. जनपद में कृषकों की विखरी जोत के साथ–साथ जंगली जानवरों द्वारा किये जा रहे नुकसान से किसानों द्वारा लगाई गई लागत से भी कम आय का प्राप्त होना कृषि क्षेत्र के लिए उचित संकेत नहीं हैं। विभाग के घेरबाड़ कार्यक्रम में व्यक्तिगत के साथ–साथ सामूहिक तथा बजट बढ़ाये जाने का प्राविधान किया जाय, ताकि अधिक से अधिक किसानों को कृषि भूमि को आच्छादित किया जाय।

4. विकासखण्ड बेतालघाट को दाल तथा रामदाना हब के रूप में विकसित किये जाने की अपार सम्भावनायें हैं।

5. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन को कलस्टर रूप में भी किये जाने का प्राविधान हो।

6. जनपद में यह भी देखने को मिला कि कृषकों द्वारा मृदा परीक्षण बहुत कम मात्रा में किया जा रहा है जिस कारण किसान को उचित उत्पादन नहीं मिल रहा है। मृदा परीक्षण लैब को ऑपन मार्केट में किये जाने का प्राविधान किया जाना कृषकों के हित के साथ–साथ कई बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार प्राप्त होगा।

कृषि विभाग द्वारा विगत चार वर्षों के दौरान जिला योजना, राज्य पोषित योजना और केन्द्र पोषित योजनाओं के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का सम्पादन किया जा रहा है जिनका विश्लेषण निम्नवतरूप से है :–

जिला योजना :–

1. जिला योजनान्तर्गत विगत चार वर्षों के मध्य विभाग द्वारा कुल रूपये 5.35 लाख का परिव्यय करते हुए मात्र 107 कृषक महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया जो कि न्यूनतम आंकड़ा है, जबकि वर्तमान में पर्वतीय क्षेत्रों में खेती महिलाओं पर निर्भर है। विभाग को धरातल पर नवीनतम कृषि यंत्रों, उपकरणों और वैज्ञानिक विधियों की नवीनतम जानकारी देने का प्राविधान करना चाहिए।

2. जनपद नैनीताल में पिछले चार वर्षों के मध्य मृदा एवं जल संरक्षण के आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि इस मद में विभाग द्वारा कुल रूपये 89.48 लाख का परिव्यय करते हुए 636 हैक्टेयर क्षेत्रफल में कार्य करवाया गया, जिसके लिए पिछले चार वर्षों में हर वर्ष विचलन देखने को मिलता है। उक्त मद जनपद नैनीताल में ही नहीं बल्कि पर्वतीय जनपदों में कृषि उत्पादन के लिए संजीवनी की तरह काम करेगा।

3. कृषि उत्पादन को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से बीज मिनिकिट कार्यक्रम की शुरूवात की गयी थी जिसके लिए नैनीताल जनपद द्वारा कुल रूपये 3.80 लाख का परिव्यय करते हुए मात्र 1152 बीज मिनिकिटों का आंवटन वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य किया गया जिसका प्रदर्शन जनपद में अच्छा रहा। विभाग की उक्त योजना को पुनः बल देने की आवश्यकता है।

राज्य पोषित :–

वर्ष 2018–19 से वर्ष 2019–20 के मध्य कृषि विभाग द्वारा कुल रूपये 666.95 लाख का परिव्यय करते हुए जनपद के विकासखण्डों में घेरबाड निर्माण हेतु कुल 29315मी0, दैवीय आपदा मद में 841 है0, कृषि यंत्रीकरण के लिए 1593 यंत्र, बहुद्देशीय जल सम्भरण टैंक निर्माण में 55, कृषक महोत्सव हेतु 89 और बोरान परीक्षण कार्यक्रम हेतु 25 लक्ष्यों को प्राप्त किया गया है।

पर्वतीय बीज उत्पादन कार्यक्रम :–पर्वतीय बीज उत्पादन कार्यक्रम के लिए विभाग द्वारा विगत वर्ष 2018–19 से वर्ष 2019–20 के मध्य कुल रूपये 35.71 लाख का परिव्यय करते हुए जनपद के लिए कुल 833.73 कुन्तल बीज उत्पादन किया गया, जो कि उत्तराखण्ड राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों के लिए उचित योजना संचालित की गई है, जिसका भविष्य में भी लगातार अनुसंधान करते हुए अधिक उत्पादन देने वाले बीज तैयार किये जाने चाहिए।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन :–विभाग द्वारा केन्द्र पोषित योजना की राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अन्तर्गत पिछले चार वर्षों के दौरान कुल रूपये 368.36 लाख की धनराशि का परिव्यय करते हुए कलस्टर प्रदर्शन हेतु 1838है0, क्रोपिंग सिस्टम बेस्ड प्रदर्शन में 266है0, बीज वितरण के लिए 3311कु0, पादप तथा मृदा प्रबन्धन में 10209है0, रिसोर्स कन्जरवेशन तकनीकी में 294, जल सम्भरण हेतु पाईप वितरण 18202मी0 तथा पम्प सैट वितरण के लिए 03 का लक्ष्य प्राप्त किया गया है।

बीज ग्राम योजना (केन्द्रपोषित) :–

1. उल्लिखित बीज ग्राम योजना (केन्द्रपोषित) के अन्तर्गत पिछले चार वर्षों के दौरान कुल रूपये 107.9 लाख की धनराशि का परिव्यय करते हुए बीज वितरण हेतु 4531.6 कु0 बीज तथा 71 बीज ग्राम प्रशिक्षण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है।

2. विभाग द्वारा जिला योजना, राज्य पोषित योजना तथा केन्द्रपोषित योजनाओं हेतु प्राप्त आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि विगत वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य लक्ष्य प्राप्ति में अधिक मात्रा से विचलन देखने को मिलता है जो पर्वतीय क्षेत्रों से हो रहे पलायन की पुष्टि करता है।

3. विभाग द्वारा जहाँ विगत वर्षों के दौरान कुल रूपये 5707.64 लाख की धनराशि का परिव्यय करते हुए जिला योजना, राज्य पोषित योजना तथा केन्द्रपोषित योजनाओं के अन्तर्गत विभिन्न मदों में लगभग 44 से 49 कार्यक्रम संचालित किये गये वहीं जनपद के पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि के प्रति रूचि में कमी देखी गयी जबकि विभाग के बजट में वृद्धि हुई।

4. विभाग की सभी योजनाएं कृषि उत्थान के लिए उचित हैं किन्तु कृषकों को पूर्ण वैज्ञानिक एवं नई तकनीकी जानकारी, अनुश्रवण एवं सर्वेक्षण के बिना कार्यक्रमों का सफल होना सम्भव नहीं है। विभाग को अपनी कार्यशैली में बदलाव लाते हुए कृषकों की उन्नति के साथ जनपद की

सामाजिक–आर्थिक विकास को सुदृढ़ करने एवं पलायन पर अंकुश लगाने में सहयोग प्रदान करना चाहिए।

मत्स्य

अनुसूचित जाति उपयोजना :– विभाग की इस योजना हेतु प्राप्त आंकड़ों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि जनपद के बेतालघाट, धारी, हल्द्वानी, रामनगर, कोटाबाग तथा रामगढ विकासखण्डों में अनुसूचित जाति उपयोजना के आंकड़ें बहुत ही कम हैं, साथ ही ओखलकाण्डा और भीमताल में भी अपेक्षाकृत आंकड़ें कम ही हैं।

पर्यटन

जनपद नैनीताल पर्यटन की दृष्टि से महत्व रखता है क्योंकि अनेक पर्यटक स्थल लाखों की संख्या में प्रतिवर्ष आगंतुकों को आकर्षित करते हैं। जनपद में पर्यटक स्थलों का उल्लेख अध्याय–2 में किया गया है। पर्यटकों से सम्बन्धित आंकड़े निम्नलिखित तालिका में दर्शाये गये हैं:–

जनपद नैनीताल में भ्रमण पर आये पर्यटकों की वार्षिक सांख्यिकी

वर्ष	भारतीय	विदेषी	योग
2001	356941	5793	362734
2002	412440	4224	416664
2003	441593	4839	446432
2004	478133	6277	484410
2005	510957	6789	517748
2006	554527	7533	562060
2007	580079	9437	589516
2008	615469	7070	622539
2009	749556	5722	755278
2010	786705	7123	793828
2011	834405	9410	843815
2012	898077	8256	906333
2013	737130	7088	744218
2014	750501	7622	758123
2015	808903	6902	815805
2016	866164	7231	873395
2017	910323	8329	917652

2018	924316	9341	933657
2019	924341	9565	933906
2020	212981	2768	215749

जनपद नैनीताल में पर्यटन विभाग द्वारा 4 प्रमुख योजनाऐं संचालित की जा रही हैं जिनका विवरण निम्नवत तालिका में दिया जा रहा है–

क्र0सं0	कार्य/योजना का नाम	वर्ष	विकासखण्ड का नाम एवं लाभान्वितों की संख्या								कुल योग
			भीमताल	बेतालघाट	धारी	ओखलकांडा	रामगढ़	रामनगर	हल्द्वानी	कोटाबाग	
1	वीरचन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना	2016–17	12	2	4	1	4	4	8	1	36
		2017–18	1	1	2	1	0	2	5	2	14
		2018–19	8	1	1	1	0	4	4	0	19
		2019–20	3	1	1	1	1	1	3	1	12
2	दीनदयाल उपाध्याय अतिति गृह आवास (होम स्टे) विकास योजना	2016–17	0	0	0	0	0	0	0	0	0
		2017–18	0	0	0	0	0	0	0	0	0
		2018–19	2	0	1	0	0	0	0	0	3
		2019–20	3	3	1	1	0	0	0	0	8
3	उत्तराखण्ड अतिथि गृह आवास पंजीकरण योजना	2016–17	15	3	3	0	6	2	1	4	34
		2017–18	10	1	0	0	5	1	0	1	18
		2018–19	47	5	5	0	30	6	2	3	98
		2019–20	74	4	5	0	18	15	7	3	126
4	**उत्तराखण्ड ग्रामीण उत्थान (एकल ग्राम एवंकलस्टर ग्राम) योजना :–**योजना के अन्तर्गत किसी भी ग्राम में 6 या उससे अधिक गृह आवास (होम स्टे) स्थापित किये जाने पर उन्हें समूह (Cluster) माना जायेगा। एसे चयन की काग्रवाही जिलाधिकारी के माध्यम से की जायेगी। जनपद नैनीताल में समूह के रूप में ग्राम प्यूडा का चयन करते हुए अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु शासन स्तर से योजना लागत रू0 82.02 लाख के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2020–21 में रू0 45.00 लाख अवमुक्त की गयी है। अवस्थापना सुविधाओं के विकास कार्य गतिमान हैं। ग्राम टोटी (कोटबाग), सुनकिया (धारी), मल निगलाट, कैंची धाम (बेतालघाट) एवं क्यारी (रामनगर) को समूह (Cluster)का चयन कर अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु कार्यवाही गतिमान है।									

जनपद नैनीताल में दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास (होम स्टे) विकास योजनान्तर्गत लाभान्वितों का विवरण

क्र0सं0	वर्ष	कुल लाभार्थी	योजना लागत	ऋण राशि	अनुदान राशि
1	2018–19	3	7228500	7228500	2385405.00
2	2019–20	8	20171800	14071800	4643694.00
3	2020–21	14	29252357	25973866	8571375.78
4	2021–22	6	17528715	9873000	3258090.00
योग		**31**	**74181372**	**57147166**	**18858564.78**

तालिका से स्पष्ट है कि सभी विकास खण्ड़ों में पर्यटन का विकास समान रूप से नहीं हो पा रहा है। इस सम्बन्ध में अधिक विकास केवल भीमताल, रामगढ़ विकास खण्ड़ों में हुआ है। अन्य विकास खण्ड़ों में भी पर्यटन पर बल देने की आवश्यकता है।

होमस्टे–

गृह आवास (होम स्टे) भीमताल, रामगढ़ एवं रामनगर विकास खण्ड में सफल हुआ है जबकि ओखलकांड़ा, बेतालघाट, धारी एवं कोटाबाग विकास खण्ड़ों में होमस्टे नगण्य है। पर्यटन विभाग को इस पर ज्यादा ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है क्योंकि गृह आवास से पलायन कम करने में सहायता मिलती है।

प्रकृति आधारित पर्यटन (ईको टूरिज्म)

जनपद के कुछ क्षेत्रों में जैसे कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में प्रकृति आधारित पर्यटन का विकास कई दशकों से हुआ है तथा इस पर काफी संख्या में स्थानीय निवासियों की आजीविका निर्भर है।

CORBETT NATIONAL PARK

Corbett National Park is India's oldest national park located in the Himalayan foothills and forms part of **Nainital and Pauri Garhwal districts.** It covers an area of about 520 sq kms. comprising of hills, riverine belts, grasslands and a vast artificial lake. It encompasses a wide range of ecosystems which are the home many animal and plant species like the tiger, elephant, leopard, cheetal, sambhar, crocodile etc. Each year lakhs of foreign and domestic tourists visit this park and its surrounding areas. The main entries to this park are located near Ramnagar in Nainital district where many resorts providing livelihood to thousands of local residents have come up for catering to the needs of these visitors. Corbett National Park is one of the most successful models of wildlife tourism in India.

अन्य गंतव्यों में भी प्रकृति आधारित पर्यटन के विकास के लिए निम्नलिखित सिफारिशों की जा रही हैं:–

1. जनपद के लिए ईको टूरिज्म विकास योजना बनाना आवश्यक है ताकि सभी विकास खण्ड़ों में ईको टूरिज्म का संतुलित विकास हो सके।

2. ईको टूरिज्म पर पर्यटकों को सूचना के अभाव में असुविधा होती है। सूचना प्रसार को बढ़ावा देने के लिए जनपद की वेबसाईट पर ईको टूरिज्म का अलग से उल्लेख होना चाहिए।

3. ईको टूरिज्म गंतव्यों के साथ स्थानीय हस्तशिल्प, सांस्कृतिक त्यौहारों, मेलों, हाट बाजारों आदि को जोड़े जाने से पर्यटक इसका लाभ उठा सकेंगे।

4. ईको टूरिज्म में स्थानीय निवासियों की भागीदारी एवं हितधारकों को समन्वय से अधिक रोजगार सृजित होगा जिससे पलायन की समस्या कम होगी।

5. ईको टूरिज्म से जुड़े सभी व्यक्तियों का कौशल विकास कराया जाना आवश्यक है। सरकार की विभिन्न कार्यक्रमों से ईको टूरिज्म/पर्यटन क्षेत्र को अधिक से अधिक लाभ मिलना चाहिए।

जनपद नैनीताल के हैडियागांव में पलायन आयोग की सर्वेक्षण रिपोर्ट

जनपद में 50 प्रतिशत से अधिक पलायन प्रभावित ग्रामों की सूची के अन्तर्गत जनपद मुख्यालय से मात्र 03 किमी की दूरी पर स्थित हैडियागांव में पलायन आयोग द्वारा किये गये सर्वेक्षण उपरान्त पलायन पर अंकुश लगाने हेतु विभागवार निम्नवत कार्य करवाये जा सकते हैं :–

1. **पर्यटन विभाग** :–वर्डवाचिंग सेन्टर, कैम्पसाइड होमस्टे, ट्रैकिंग कैम्प, रिवर क्रासिंग, ध्यान/योग केन्द्र आदि को बढावा दिया जा सकता है।

2. **वन विभाग** :–चूंकि गांव के दोनों ओर नाला (गदेरा) है जो कि वन क्षेत्रान्तर्गत आता है 08 से 10 छोटे बडे जलाशय, बोटनिकल गार्डन, हर्बल गार्डन, घेरबाड तथा नर्सरी को स्थापित किया जा सकता है।

3. **कृषि विभाग** :–उन्नत बीज, सिचाई की समुचित व्यवस्था करते हुए आधुनिक तकनीकी से कृषि करवायी जा सकती है।

4. **उद्यान विभाग** :–लोहे की जाली युक्त पॉलीहाउस को स्थापित करते हुए बैमोसमी सब्जी उत्पादन करवाया जा सकता है, साथ ही गांव में फल उत्पादन, फ्लोरीकल्चर, को बढ़ावा दिया जा सकता है।

5. **पशुपालन विभाग** :– मुर्गीपालन, बकरीपालन, भेडपालन के साथ–साथ गायपालन करवाया जाना उचित होगा।

6. **मत्स्य विभाग** :–गांव के दोनो ओर नाला होने से मत्स्यपालन आसानी से करवाया जा सकता है, जिससे ग्रामीणों की आय में अतिरिक्त आय का स्रोत जोड़ा जा सकता है।

7. **लघु सिंचाई** :—सिंचाई गूल होज का निर्माण करवाते हुए गांव में आसानी से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करवायी जा सकती है।

8. **उरेडा** :—गांव में पानी की उपलब्धता होने से गांव में घराट (पनचक्की) को स्थापित करवाते हुए लाइट उत्पादन करवाया जा सकता है। सोलर स्ट्रीट लाइट एवं प्लांट को भी गांव में स्थापित किया जाना अतिआवश्यक होगा क्योंकि गांव में जंगली जानवरों का आंतक भी बढ़ा हुआ है।

9. **भेषज** :—गांव में जड़ी—बूटी का उत्पादन करवाकर ग्रामीणों की आय को बढ़ावा दिया जा सकता है।

10. **उद्योग** :—गांव में हेण्डीक्राफ्ट जैसे सूक्ष्म उद्यम स्थापित करवाते हुए और अधिक विकसित किया जा सकता है, क्योंकि गांव में लगभग 22 परिवार हेण्डीक्राफ्ट (रिंगाल) का कार्य कर रहे हैं।

11. **विकास विभाग** :—गांव की सुरक्षा के दृष्टिकोण से चैकडेम एवं सुरक्षा दीवार तथा गांव के आने—जाने वाले रास्तों पर पिचिंग मार्ग निर्माण किया जाना उचित होगा।

12. **समाज कल्याण विभाग** :—गांव में 40 से 50 प्रतिशत जनसंख्या अनु0 जाति की होने के कारण इस गांव में SCP योजना के तहत गांव में कार्य करवाये जा सकते हैं।

विभागों को जनपद के अन्य पलायन प्रभावित ग्रामों में सघन सर्वेक्षण करवाते हुए अपने स्तर पर सम्पादित करवाये जा रहे कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार करने से जनपद की सामाजिक—आर्थिक विकास को सुदृढ़ बनाने एवं काफी हद तक पलायन पर अंकुश लगेगा।